प्रकाशन दिनांक : 7 मई 2024 R.N.I. No. 68211/98 • Postal Regn. No. 40017371/2023-2025 Gwl. M.P.

वर्ष : 27 अंक : 5 मई 2024

गहोई बन्धु

(अ.भा. गहोई वैश्य महासभा रजि.क्र. K-328 का मासिक समाचार पत्र)



ग्वालियर । गहोई बंधु कार्यालय पर 07 अप्रैल 2024 को 110 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मोहन कनकने कोषाध्यक्ष, पूर्व व्यवस्थापक बन्धु अनिल कस्तवार (अन्नू), संयुक्त संपादक डॉ. गोपाल बिलैया, प्रदीप बिलैया, महादेव नीखरा उपकोषाध्यक्ष, डॉ. ओ.पी.सेठ, कमल तपा, नीतेश सेठ, महेश गेड़ा आदि स्वजातिय बंधु उपस्थित थे।



झांसी। अ.भा.गहोई वैश्य महासभा का केन्द्रीय कार्यालय पर 07 अप्रैल 2024 को ग.वै.महासभा का 110 वां स्थापना दिवस कार्यालय मंत्री श्री भरत सेठ के संयोजन में मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मनमोहन गेड़ा (भाजपा नेता), विशिष्ट अतिथि पंच संदीप सरावगी, बृजेश बड़ौनिया (रंग वाले), पंच ओमप्रकाश खांगट, अनिल सेठ (सर जी), अशोक बरसैंया, रमेश सेठ, सुभाष खर्द आदि सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

Modi eye care

मोदी आई केयर एण्ड रेटीना फाउण्डेशन, ग्वालियर



डॉ. आदित्य मोदी

एफ.आर.सी.एस.
(ग्लासगो, इंग्लैंड)

CERTIFIED ISO 9001

विश्व की सबसे आधुनिक

चश्मा हटाने की लेज़र टेक्नोलॉजी

अब ग्वालियर में
(मध्यभारत में पहली बार)

CONTOURA VISION
SPECS REMOVAL BEYOND LASIK & SMILE



FREEDOM FROM GLASSES
CONTOURA VISION
BEYOND LASIK, BEYOND SMILE

PANKAJ

कैशलेस सुविधा भी उपलब्ध

FS-3, फर्स्ट फ्लोर, माधव प्लाजा, जिन्सी रोड नं. 2, हुजरात पुल चौराहा के पास
लश्कर ग्वालियर मो. 7610228113, 0751-4924640

गहोई बन्धु

अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा के स्वामित्व में प्रकाशित मासिक समाचार पत्र

महासभा पदाधिकारी एवं गहोई बन्धु सम्पादक

(समस्त पदाधिकारीगण नवीन कार्यकारिणी बनने तक का.का के रूप में कार्य करेंगे।)

राष्ट्रीय अध्यक्ष
कृष्णकिशोर कठिल (के.के.)
9425009258

कार्यकारी अध्यक्ष
सुरेश बंधु
9425765588

कोषाध्यक्ष
मोहन कनकने
9425109958

राष्ट्रीय महामंत्री
आलोक टिकरया
9425304544

●संपादक●
हरनारायण रिखौल्या
09669642849

●बन्धु व्यवस्थापक●
अशोक बिलैया (टक्कल)
9826217308

●संयुक्त संपादक●
रमाकांत सेठ
9450130644
महेश खर्द
9820126605
डॉ.गोपाल बिलैया
09425790080
प्रदीप बिलैया
07415669018

● सह संपादक ●
मनोज डेंगरे
9301107206
सुनील नीखरा
9669776490
संतोष कुचिया
9755078197
सुनील तीतबिलासी
8463070857
सियाशरण कस्तवार (भाईजी)
9826513272
नरेन्द्र छिरौल्या
9826324676

उपाध्यक्ष
रमेश सेठ (वरिष्ठ उपाध्यक्ष)
9532427578

अशोक नगरिया
9320341782

केशव नीखरा
9827252055

नरेश कुचिया
9993549265

इंजी. अशोककुमार सेठ
9425407862

वरिष्ठ संघ
(अध्यक्ष)
ओमप्रकाश सेठ (दाऊ)
9425116791
(मंत्री)
दयाशंकर कनकने
9926521660

(उपायुक्त)
ई.रामनिवास छिरौल्या
9425757905

मंत्री
मनोज चौधरी
9425763324

राधेश्याम सेठ
9425336363

संतोष कुचिया
9926256840

मैथिलीशरण सेठ
9415401600

प्रमोद कुमार गेड़ा
9301121008

महिला मण्डल
(अध्यक्ष)
श्रीमती गीता नगरिया
9425741052
(मंत्री)
श्रीमती भारती खर्द
9425101615

निर्वाचन आयोग
आर.एन.बड़ेरिया (आयुक्त)
9522088928

उपकोषाध्यक्ष
महादेवप्रसाद नीखरा
9425778734

केन्द्रीय कार्यालय मंत्री
भरत सेठ
9415123515

विकास मंत्री (प्रभारी नवयुवक मण्डल)
हरिशंकर कुदरिया
अ.भा.ग.वै.नवयुवक मण्डल
-9827452470

नवयुवक मण्डल
(अध्यक्ष)
रमन सेठ
9893445680
(मंत्री)
प्रिंस खागट
अ.भा.ग.वै.नवयुवक मण्डल
9826322157

(उपायुक्त)
पुरुषोत्तम बिलैया
9425137588

विधान संशोधन समिति- संयोजक एवं सह संयोजक

श्री दीपक अरुसिया (एड.)
9827386666
संयोजक-गहोई भवन विन्द्रावन धाम
अशोक कस्तवार
8827169177

श्री अम्बरीष महतेले
9425337798
चित्रकूट भवन (प्रबंधक)
रामबाबू खर्द
8349122012

राजाबेटी भवन कानपुर
सोनी अनाथालय जबलपुर (प्रबंधक)
अरुण नीखरा
9425163183

गहोई बन्धु कार्यालय

ग्राफिक्स डिजाइनर रजनी गुप्ता (सोनी)

(कार्यालय सचिव) रघुवीरप्रसाद छिरौल्या 9009143842

"गहोई बन्धु भवन" राजा बाक्षर मन्दिर के पास, राजा बाक्षर की गोठ, दौलतगंज, ग्वालियर-474001

E-mail : gahoibandhu@gmail.com Ph- 0751-2454142; web.gahoivaishyamahasabha.org

गहोई बन्धु कार्यालय खुलने का समय- प्रातः 11.00 से सायंकाल 5.00 बजे तक (मंगलवार अवकाश)

गहोई भवन, नया गांव, चित्रकूट फोन : 07670-265589, डॉ नरेन्द्र नीरज सेठ मैनेजर-09473593354, 7651950078

महासभा प्रकल्प पदाधिकारी

अक्षय निधि
दिनेश गेड़ा (अध्यक्ष)
09425112796
राकेश बिलैया (पप्पू) (मंत्री)
09425337314

न्यायाधिकरण
कुंजबिहारी बिस्वारी (अध्यक्ष)
9415031550
ब्रजेशकुमार महतेले (मंत्री)
9425129575

शासकीय कर्मचारी प्रकल्प
जगदीशप्रसाद कटारे (अध्यक्ष)
09415945423
चन्द्रप्रकाश मिसुरिया (मंत्री)
9450081003

अंतराष्ट्रीय प्रकल्प
मनोजकुमार चपरा (अध्यक्ष)
7697308334

गहोई ग्लोबल
योगेश नौगरैया (अध्यक्ष)
09827052676
दीपक सावला (मंत्री)
09826640480

गहोई कल्याण कोष
राजकुमार सुहाने (अध्यक्ष)
09425048488
संजय मोर (मंत्री)
09425140507

राजनैतिक प्रकल्प
अतुल बड़ेरिया (अध्यक्ष)
09415032351
राजेन्द्रकुमार सेठ (चेलरा) (मंत्री)
09415456819

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
श्रीमती सुनीता गंधी (अध्यक्ष)
09479935155
श्रीमती कृष्णा सावला (मंत्री)
09340972319

संयोजक छात्रवृत्ति
रमेश कुरेले (संयोजक)
09424441040
विष्णु सेठ (मंत्री)
09926116745

जनगणना प्रकल्प
सुनील लोहिया (अध्यक्ष)
09415925398
उमेश लोहिया (मंत्री)
08188011000

शिक्षा प्रकल्प
अवधकिशोर मिसुरिया (अध्यक्ष)
09415923798
डॉ. राजेन्द्रनाथ नीखरा (मंत्री)
09425618273

उद्योग एवं व्यापार
संजय पटवारी (अध्यक्ष)
09415030196
संजय पहारिया (मंत्री)
09425338189

पारिवारिक समन्वय
घनश्याम सरावगी (अध्यक्ष)
09826548500
मुन्नालाल बिलैया (मंत्री)
09827250180

महासभा पदाधिकारीगण

संयुक्त मंत्री
गणेश नीखरा-9158590065
राकेश कनकने-9425490357
रामकुमार नीखरा-9826019279
कैलाश नगरिया-9926619369

संगठन मंत्री
अरूण नीखरा-9425163183
पुरूषोत्तमदास सोनी-9415169927
हरीकांत रेजा-9424350026
दिनेशचन्द इंदुरख्या-9450033481
पंकज कसाव-7007671941

विकास मंत्री
सुदामाप्रसाद सिजरिया-9926661905
महेन्द्रकुमार चपरा-7897720487
मोहन बड़कुल-9893612034
आशुतोष हूंका-9005074653

उपमंत्री
विद्याराम मोर-8319534519
विनोद घुरा-9826567902
रवीन्द्र बड़ेरिया-9839331866
राकेश नीखरा-9425725733
महेश बड़ौनिया-9755124703

क्षेत्रीय सभा के अध्यक्ष/मंत्री

मध्य मालवा क्षेत्रीय सभा
राधेलाल गेड़ा (अध्यक्ष)
09993007122
मुकेश बिलैया (मंत्री)
09893465418

दक्षिण क्षेत्रीय सभा
राजेश कुमार डेंगरे (अध्यक्ष)
09422157466
प्रमोद कुमार बरसैंया
09423363644

छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय सभा
श्यामलाल कुदरिया (मंत्री)
09755521231

गंगा जमुना क्षेत्रीय सभा
विनीत कुमार रूसिया (अध्यक्ष)
09045503310
राहुल लहारिया (मंत्री)
07007016562

बुन्देलखण्ड क्षेत्रीय सभा
रामप्रकाश हथनौरिया (अध्यक्ष)
9936324305
संतोष कटारे (मंत्री)
09415944291

चम्बल क्षेत्रीय सभा
प्रेमनारायण खंताल (अध्यक्ष)
9425335532
आकाश सेठ (मंत्री)
7697011307

विन्ध्य क्षेत्रीय सभा
महेशकुमार बजरंगगढ़ी (अध्यक्ष)
09425879081
अरूण कुमार टिकरया (मंत्री)
09425141367

पूर्वी क्षेत्रीय सभा संयोजक (अध्यक्ष)

महाकौशल क्षेत्रीय सभा
सुभाष रावत (कार्यकारी अध्यक्ष)
9981454273
कृष्णगोपाल आजाद (मंत्री)
09407361552

उत्तर क्षेत्रीय सभा
बृजमोहन गंधी (अध्यक्ष)
09868833564
राजकुमार नगरिया (मंत्री)
09810334773

चौरासी क्षेत्रीय सभा
शिवशंकर सेठ (अध्यक्ष)
09425136790
रामकुमार निगोती (मंत्री)
09425490097

विशेष कार्यकारिणी सदस्य
1. श्री एम.एल. गेड़ा, पिछोर-9425490119
2. श्री शिवनारायण नीखरा, बेगमगंज-9425493202
3. श्रीमती सीता सरावगी, जबलपुर-9131135268
4. श्री शशिकुमार कस्तवार बड़ौनी-9977083449
5. श्री ओमप्रकाश लोहिया, ललितपुर-9532911544
6. श्री ओमप्रकाश सेठ (पप्पू नेता), मोंठ-9935650717

बैंक एकाउण्ट गहोई बन्धु

एस.बी.आई, पाटनकर बाजार ग्वा.	-	63006211871
आई.एफ.एस.सी.कोड	-	SBIN0030119
आई.डी.बी.आई नया बाजार ग्वा.	-	54510010004899
आई.एफ.एस.सी.कोड	-	IBKL0000545

नोट : गहोई बंधु से सम्बन्धित सभी तरह की राशियां जमा करने हेतु उपरोक्त बैंक एकाउंट में सीधे जमाकर उसकी रसीद साथ में भेजें।

गहोई बंधु के क्यू आर को स्क्रेन कर राशि जमा कर सकते है एवं उसका स्क्रीन शॉट लेकर मेल करें।

बैंक एकाउण्ट महासभा

आई.डी.बी.आई नया बाजार ग्वा.	-	54510010005830
IFSC Code	-	IBKL0000545
भारतीय स्टेट बैंक, पाटनकर बाजार ग्वा.	-	63039422432
IFSC Code	-	SBIN0030119
गहोई भवन वृंदावन धाम IDBI BANK	-	545104000093374

बैंक एकाउण्ट अ.भा.ग.वै.महासभा ''अक्षय निधि''

भारतीय स्टेट बैंक, पाटनकर बाजार ग्वा.	-	63029557518
IFSC Code	-	SBIN0030119

अध्यक्षीय निवास	-	नगर भवन के सामने, टीकमगढ़-472001 (म.प्र.) मोबा. 9425009258
महामंत्री निवास	-	टिकरया मोहल्ला, गल्ला मण्डी के आगे, छतरपुर-471001 (म.प्र.) मोबा. 9425304544
कोषाध्यक्ष निवास	-	कनकने भवन, थोराट की गोठ, लोहिया बाजार, लश्कर, ग्वा.-474009 (म.प्र.) मो. 9425109958
महासभा केन्द्रीय कार्या.	-	1-बी गणेश बाजार, पानी वाली धर्मशाला, झाँसी (उ.प्र.) फोन.

संपादकीय

सामाजिक कार्यों के प्रति स्वच्छ आलोचनायें हमे स्वीकार हैं । किन्तु व्यक्तिगत विद्वेषात्मक आलोचनाओं से परहेज हैं –संपादक

पिछले माह अप्रैल 2024 नववर्ष, गुढ़ी पड़वा सम्वत्सर 2081 का पहला दिवस नवदुर्गा की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ जो बहुत ही प्रेरणादायक रहा, सभी ने एक दूसरों को शुभकामना देकर मंगमलय जीवन की कामना की।

पिछले माह ही अ.भा.गहोई वैश्य महासभा का 110 वॉ स्थापना दिवस 07 अप्रैल को स्थानीय पंचायतों द्वारा मनाया गया, तथा अनेकों वक्ताओं ने कहा कि गहोई समाज एक जागरूक समाज है जिसने भारत को अंग्रेजो से मुक्त कराने हेतु गहोई समाज ने पूर्ण रूप से समर्पण भावना से सहयोग किया तथा जेलों में गये यही कारण है कि अंग्रेजों से लोहा लेने हेतु गहोई समाज की राष्ट्रीय स्तर पर सन 1914 में 07 अप्रैल को संगठन की स्थापना की। इसका श्रेय हमारे पूज्य श्री नाथूराम रेजा नरसिंहपुर एवं श्री बल्देवप्रसाद मातेले के द्वारा नागपुर में एक विशेष आयोजन कर पूरे भारत से प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर संगठन की स्थापना की।

01 मई 2024 अर्न्तराष्ट्रीय मजदूर श्रमिक दिवस के रूप में श्रमिक संगठनों ने रैली निकाल कर अपनी मांगों को प्रशासन के सम्मुख रखी गई, श्रमिक संगठन का साथ अन्य विकासवादी संगठनों ने भी साथ दिया, लोकसभा चुनाव के कारण प्रशासन द्वारा कोई घोषणा नहीं की जा सकी। गहोई वैश्य महासभा, मजदूर श्रमिकों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

हमारे पूर्वजों ने दूरदर्शिता का पालन करते हुये संगठन को शक्तिशाली बनाने हेतु, सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को जोड़ने के लिये 12 क्षेत्रीय सभाओं का गठन कर समाज के उत्थान हेतु भरसक प्रयत्न किया है। आज महासभा के पास करोड़ो रूपया की अचल सम्पत्ति है, करोड़ो रूप की फिक्स डिपोजिट भी है। लेकिन समाज हित में जो भी योजनायें है उन्हें पूरा करना है। स्वंयभू नेताओं द्वारा आलोचनाओं परवाह किये बिना अपने समाज का नाम रोशन करना है। पूरे देश में पहचान बनाये रखने के लिये हर स्थिति में सहयोग करना है। यही मेरा हम सबका उत्तरदायित्व है।

जिस व्यक्ति को मान सम्मान की किचिंत मात्र भी अपेक्षा न हो वह व्यक्ति ही समाज में खरा उतर सकता है। यह सभी जानते है कि सेवाभाव कभी भी विफल नहीं हो सकती। उदाहरण के लिये ''मदर टेरेसा'' विदेशी महिला होने के बावजूर अर्न्तराष्ट्रीय सम्मान मिला है दूसरा उदाहरण धार्मिक दृष्टि से हजारों वर्ष से पूज्यनीय हनुमान जी को लें, इनका आदर्श सेवकों में सबसे ऊपर नाम आता है। **''पूज्य हनुमान का अर्थ है जिसने मान की इच्छा का हनन कर लिया हो। श्रीराम जी के दल (संगठन) में श्री हनुमान जी के सामन ज्ञानबल, शक्तिबल और कुशलता में कोई और नहीं था फिर भी श्रीराम जी के सेवक बनकर अत्याचारियों का दमन किया। वर्तमान में समाज सेवा क्षेत्र में सेवा मात्र पदों को ग्रहण करने तक सीमित रह गई है अनेकों संगठनों में घुसपैठ कर पद प्राप्त करना ही अपना उद्देश्य पूरा करने में ही समाजसेवा समझते है।**

आज देखने में आ रहा है कि समाज के निर्वाचनों में पद और सम्मान के खातिर इस कठोर सेवा के लिये लंबी कतार लग जाती है। आपस में होड़, तथा प्रतिष्ठा कायम करने के लिये छल, कपट, झूठ एवं गलत जानकारियों की नीति का भी सहारा लिया जाता है विचार कीजिये कि सच्चा समाज सेवक जिसे मान सम्मान की परवाह नहीं हो वह व्यक्ति इस कठोर धर्म सेवी के लिये इतनी रस्साकसी क्यों करेगा ? यही कारण है कि सीधे सच्चे लोग समाजसेवा से दूर होते जा रहे है। इसका मतलब यह भी नहीं है कि समाज में विघ्न संतोषी नहीं रहे उन्हें भी रहना चाहिये ताकि हमारी कमजोरियां उजागर होती रहें उनमें सुधार होता रहे। सच्चा समाज हितेषी बुराइयों को दूर कर सके। हमारा यह भी कहना है कि सामाजिक क्षेत्र के कार्यों में यदि कोई बाधा पहुंचाने का प्रयास कर रहा हो तो उसका डटकर मुकाबला करो डरने की आवश्यकता नहीं है समाज उन विरोधियों से निपटने के लिये सक्षम है।

यहाँ उल्लेख करना आवश्यक है कि अभी वर्तमान में ग्रुपबाजी पनप रही है यदि किसी योजना को चलाने का प्रयास किया जाता है तो कुछ लोग कमियां निकालकर विरोध करने लगते है। इससे पदाधिकारियों का मनोबल गिर जाता है। उदाहरण के लिये सोनी अनाथालय जबलपुर सम्पत्ति महासभा के नाम है जिसकी रजिस्ट्री का प्रकाशन 'गहोई बंधु' पत्रिका में कई बार हो चुका है फिर भी उस पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। लगभग 30 वर्षों से मुकदमा चलता रहा जैसे तेसे इमारत (सोनी अनाथालय) को ध्वस्त कर महासभा ने अपने पजेशन में लेकर भवन निर्माण होना था लेकिन महासभा चुनाव के कारण महासभा खाते पर रोक लगी थी। धन संग्रह नहीं हो पाया परिणामस्वरूप पुनः मामला विवादित हो गया। महासभा अध्यक्ष सहित कुछ पदाधिकारियों पर झूठी एफ.आई. आर पुलिस में कराई गई। इस प्रकरण में मरेले के अलावा बैकिंग में एक दो लोग और है जो नहीं चाहते कि भवन का निर्माण हो ऐसे लोगों को समाज ही समझा सकता है अगर समय पर भूमि पर निर्माण नहीं हुआ तो दिन व दिन समस्या बढ़ेगी समाज को करोड़ो रूपये का नुकसान होगा। आवश्यकता इस बात की है जबलपुर समाज तथा गहोई वैश्य महासभा, उच्च लेबिल पर पहलकर निराकरण करें।

–आपका अपना हरनारायण रिखौल्या

"अध्यक्षीय एवं प्रकाशकीय कलम से....."

सम्मानीय बन्धुओं,

सप्रेम सादर अभिनंदन



01 मई 2024 श्रम दिवस के रूप में अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर सम्पूर्ण विश्व में मनाया जाता है। समस्त देशों में मजदूर वर्ग की अनेकों संस्थायें सरकारों के शीर्ष पदाधिकारियों को मजदूरों की आर्थिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याओं को ज्ञापनों के द्वारा शासन को अवगत कराकर मजदूरों की उन्नति के लिये अपील की जाती है।

राष्ट्रीय मजदूर संघ, संगठन को शक्तिशाली बनाने तथा अपनी समस्याओं को प्रदशिर्त करने हेतु विशाल रैलियां निकालकर सरकार का ध्यान आकर्षित कर अपनी मांगों को मनमाने का प्रयास करते हैं। मांगो के लिये सरकार भी गंभीरता से विचार कर रही है। आइये सभी मजदूर श्रमजीवियों के लिये उनके जीवन स्तर को ऊँचा उठाने एवं उनके पिछड़ेपन को दूर करने में सहयोग प्रदान करें। 01 मई श्रम मजदूर दिवस श्रमिकों के लिये यही सबसे बड़ी शुभकामनायें होगी।

समाजसेवा हमारे जीवन का प्रथम लक्ष्य होना चाहिये "वसुद्यैव कुटुम्बम स्वरूप" की साधना का ही लघु रूप है। ज्ञातव्य है कि मानव को अपनी मंजिल तक पहुँचने के लिये समाजसेवा की प्रथम सीढ़ी है। प्रत्येक व्यक्ति की सोच यह होनी चाहिये कि उनका व्यक्तिगत अस्तित्व कुछ भी नही, पूरा समाज ही उसका शरीर है और समाज सेवी संगठन उसके हाथ पैर है। जिस प्रकार शरीर का एक अंग निक्रिय हो जाता है तो पूरा शरीर प्रभावित हो जाता है ठीक उसी प्रकार समाज में कोई दुरूहता उत्पन्न होती है तो पूरा समाज प्रभावित हो जाता है। इसलिये व्यक्ति निष्ठा न होकर समाज के प्रति निष्ठा होनी चाहिये। वर्तमान में हमारे ही समाजसेवी कहलाने वाले लोग व्यक्तिगत प्रतिष्ठा एवं अहंकारी भावना को ही श्रेय देते है। यह उनकी भूल है समाज से बड़ा कोई नहीं है। ऐसे व्यक्तियों को समय रहते चेत जाना चाहिये। तभी समाज सेवी कहला सकेगें।

मेरा समाज के प्रबुद्धजन एवं विचारकों से आग्रह है कि "बीती ताहि बिसार दें आगे की सुध लेंय" की नीति के अनुसार समाज को मार्गदर्शन दें ताकि समाज संगठित एवं गतिशील बना रहकर प्रगति के पथ पर अग्रसर होता रहे। विघ्न बाधाओं से डरें नही उनका दृढ़ता से मुकाबला करें।

"मैं ऐसा मानता हूँ कि समाज एक पवित्र तीर्थ है और समाजसेवी संस्थाएं उस तीर्थ में एक पावन मन्दिर के समान है संस्था के शीर्षस्थ पदाधिकारी उस मन्दिर के पुजारी है शेष सभी समाज बंधु श्रद्धालु दर्शनार्थी है"। यदि इस भावना से समाज का हर व्यक्ति कार्य करें तो न किसी विधान की आवश्यकता है और न जटिल सरल नियमों की।

मानवता के नैतिक नियम और पुरखों की परम्परायें ही पर्याप्त होती है। किसी भी संस्था का विधान केवल मर्यादा अनुकूल ही होता है उसका पालन करना चाहिये। यदि शुद्ध भावना ही न हो तो हम कितने भी नियम कानून बनाते रहे इससे कोई लाभ नहीं होगा। अति महत्वाकांक्षी एवं व्यक्तिवादी लोग नुक्ताचीनी करते ही रहेंगे। और वाद–विवाद समाज में चलता रहेगा। लेकिन समाज के उत्थान के लिये क्या अच्छा है क्या बुरा है ? समाज के लोग अच्छी तरह जानते है कुछ समय पश्चात नकारात्मक लोगों की पहचान होने पर लोग उनका तिरस्कार करते रहे हैं राजनैतिक क्षेत्र में भी ऐसे लोगों का बहिष्कार ही होता रहा है।

गहोई समाज हमारा अपना एक परिवार है। संगठित रहने के लिये अ.भा. स्तर पर राष्ट्रीय एक मात्र संस्था है उसे शक्तिशाली बनाये रखने के लिये हमें समाज को गारन्टी देनी होगी कि अ.भा. गहोई समाज महासभा के सभी कार्य नियमानुसार होते रहें तथा पदाधिकारियों को शपथ लेनी होती है कि हम अनुशासन में रहकर विधान का पालन करेंगे। लेकिन देखने में यही आ रहा है कि संगठनों में अनुशासन हीनता बढ़ती जा रही है। शीर्ष पदाधिकारी अपने–अपने घमंड (अहंकार) के कारण एक दूसरे की आपस में ही बुराई करते है हमारे निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। इलेक्ट्रोनिक मीडिया के द्वारा, व्हाटसअप के माध्यम से भ्रमात्मक संदेश समाज में प्रसारित कर, अपना नाम चर्चा में बनाये रखने का प्रयास किया जा रहा है। इससे समाज की छवि खराब होती है ऐसे व्हाटसअप वीरों से अनुरोध है कि यदि अपना स्वयं का नाम प्रचारित करना ही है तो सकारात्मक सोच के साथ समाज हित में अपने सुझाव दें ताकि उन पर विचार

किया जा सके।

महासभा का 110 वां स्थापना दिवस 07 अप्रैल को अनेकों पंचायतों, महासभा कार्यालय झांसी, बंधु कार्यालय ग्वालियर तथा अनेकों संगठनों द्वारा गरिमामय स्थिति में मनाया गया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता एवं 144 धारा लगी होने से अपने–अपने संगठन कार्यालयों में ही मनाया गया। राजनैतिक नेताओं को आमंत्रित नही किया जा सकता था न ही पिछले वर्षों की तरह रैलियां आदि नहीं निकाली गयी। महासभा एवं हमारी ओर से उन सभी पंचायतों के अध्यक्षों, पदाधिकारियों को बहुत–बहुत धन्यवाद। जिन्होंने महासभा का 110 वॉ स्थापना दिवस मनाया, उन सभी को हार्दिक शुभकामनायें।

जबलपुर, झांसी, कटनी (खजुराहो), ग्वालियर से लोकसभा के टिकट हेतु गंभीर चर्चा की गयी थी एवं वहां से गंभीर नाम भी पार्टियों को सुझाये गये थे, लेकिन जैसा कि आप लोग भलीभांति जानते है समाज में एकता न होने के कारण सफलता प्राप्त नहीं हो सकी। जब तक समाज के लोग राजनैतिक क्षेत्र में काम करने वाले नेताओं को अपना निर्विवाद नेता नहीं मानेगे उनके पीछे पूरी ताकत के साथ खड़े नहीं होगे तब तक मुझे नहीं लगता कि सफलता प्राप्त की जा सकती है।

असि. रजिस्ट्रार झांसी से निर्वाचन हेतु चर्चा हमने की पहले हमारा उन बंधुओं से आग्रह है जिन लोगों ने निर्वाचन को रोक रखा है वह सहयोग प्रदान करें। असि. रजिस्ट्रार महोदय ने 04 जून के बाद पहल करने की बात की है। सभी लोग सभी पक्ष जब सहयोग करेंगे तो समस्या का समाधान निकाला जा सकता है। फालतू के आरोप लगाने से काम नहीं चलने वाला है एक दूसरे से विवाद करके कुछ नहीं होगा बैठकर बातचीत करके ही समस्या का समाधान होगा। विगत तीन माह से गहोई बंधु पत्रिका का भुगतान श्री मोहन कनकने कोषाध्यक्ष द्वारा नहीं किया जा रहा। बार–बार फोन करने के बाद भी हमारे ग्वालियर में रहने की सूचना एवं फोन करने पर आते नही है। हमसे संस्था के सम्बंध में बात नहीं करते है न ही हिसाब दे रहे है। एफ.डी.आर. की मूल प्रति सभी वह रखे हुये है, ऑडिट की रिपोर्ट, हिसाबों की समरी, एफ.डी.आर की फोटो कॉपी देने से भी इंकार कर रहे है। लिखित में उन्हें सूचना कोषाध्यक्ष एवं उप कोषाध्यक्ष को दी जा चुकी है फिर भी कोई असर नहीं हो रहा है। हमारे द्वारा हमारे कार्यकाल में जो चैक हमने साइन करके दिये है उसका हिसाब भी नहीं देना चाहते। अधिवेशन के समय जो पत्रिका ''परिवर्तन' निकाली थी उसका हिसाब भी नहीं दे रहे है। भगवान उनको सद्बुद्धि दे कि महासभा का इस कार्यकाल का समापन ठीक से हो सके।

वैश्य फाउण्डेशन ग्वालियर में दिनांक 29 अप्रैल 2024 को शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें वैश्य फाउण्डेशन के राष्ट्रीय सचिव के रूप में श्री मुकेश तीतबिलासी एवं कोषाध्यक्ष श्री आलोक पहारिया ने शपथ ली। एवं गहोई समाज के अनेकों पदाधिकारियों ने भी शपथ ली। उक्त कार्यक्रम में अ. भा.गहोई वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मैं स्वयं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहा।

दायित्ववान गहोई समाज के पदाधिकारियों को समाज बधाई देने वाले बंधुओं में श्री संतोष कुचिया मंत्री महासभा, श्री रामबाबू खर्द प्रबंधक चित्रकूट भवन, श्री गोपाल पहारिया, श्री हरनारायण रिखौल्या संपादक गहोई बंधु, अनिल सेठ आदि प्रमुख रहे।

–के.के.कठिल

राष्ट्रीय अध्यक्ष अ.भा.गहोई वैश्य महासभा

''गहोई वैश्य भवन''

चित्रकूट

ए.सी.कमरें, हॉल भी उपलब्ध/कूलर वाले कमरे उपलब्ध, हाल की सुविधा, पार्किंग की सुविधा

रुकने का साफ, सुथरा स्थान

मैनेजर
मोबा. 9713335893

धार्मिक आयोजनों हेतु कुलर युक्त हॉल की सुविधा
पुराने थाने के पास, नयागाँव, चित्रकूट (म.प्र.)

प्रबंधक-श्री रामबाबू खर्द
मोबा. 8349122012

ग्रीष्मकाल में लू से बचने के लिए सावधानी बरतें ● गर्मी से राहत

लू का काम तमाम :- गर्मी में जब भी परिवार का कोई सदस्य बाहर जाता हैं तो लू से बचने के लिये खूब पानी पीकर जाने की सलाह दी जाती है। या फिर कहा जाता है कि दही खाकर जाओ। अगर ये दोनों नुस्खे आपको नाकाफी लगते हों, तो आप ये नुस्खा भी आजमा सकते हैं।



पुदीने की पत्तियों को सुखाकर उनका चूरा बनाकर घर में रख लेना चाहिये। इसे दही में मिलाकर खाने से लू से काफी बचाव होता है। दूसरा नुस्खा हे जीरे को भूनकर पीसकर रख लेना चाहिये। इसे भी दही में मिलाकर खाने से बाहर जाने पर लू का असर नहीं होता है।

थकान का मिट जाए नामो-निशान :- गर्मी आते ही हर वक्त थकान सी महसूस होती रहती है। खासतौर से अगर आप बाहर धूप से चलकर आए है। तो स्टैमिना की कमी हो जाती है। शरीर बोझिल–बोझिल सा महसूस होता है। उस समस्या से अपने परिवार को बचाने के लिए अमूमन गृहिणियां आम का पना या दही को लस्सी बनाकर रखती हैं और इसे रोजाना खुद भी पीती है तथा परिवार के सदस्यों को भी पिलाती है। लेकिन इसके अलावा भी एक रामबाण सरीखा नुस्खा है, जो आपको और आपके परिवार को गर्मी में तरोताजा रख सकता है।

दूध में पिसी इलायची और गुलाब की पिसी हुई पत्तियां मिलाकर उसे उबाले लें। फिर ठंडा करके फ्रिज में रख दें। गर्मी में नाश्ते के बाद अगर यह मिश्रण पी लिया जाए तो सारा दिन धूप का असर नहीं होता। शरीर में ठंडक बनी रहती हैं। वैसे इस समस्या से निपटने के लिए एक नुस्खा और है–तरबूज के बीज, चीनी,केसर, इलायची को पीस कर पाउडर बना लें और रख लें। जब भी खुद दूध पिएं या किसी को पीने के लिए दें तो उसमें एक चम्मच यह पाउडर मिला दें। इससे भी गर्मी नहीं लगेगी और शरीर हमेशा ठंडा बना रहेंगा।

सिरदर्द की टेंशन खत्म :- धूप में कहीं आना–जाना यानी सिरदर्द को न्योता देना। दर्द ज्यादा बढ़ जाए तो एक गोली निगल कर साइट इफेक्ट को दावत देना। लेकिन अगर आपको या आपके परिवार में किसी भी गर्मी की वजह से सिरदर्द हो तो उसे दस बादाम चबाकर खाने को कहिए।इससे सामान्य सिरदर्द कुछ मिनटों में भाग जाता है। ओर अगर इससे भी राहत न आए तो अंगुलियों को लौंग के तेल में डुबोकर लगातार इनसे सिर के उस हिस्से पर लगाएं। जहां दर्द है। शर्तिया छूंमतर हो जाएगा।

दरअसल ज्यादातार लोग मानते हैं कि अगर गर्मियों में बादाम का सेवन रोज किया जाए तो सिरदर्द जैसी शिकायत कम होती हैं। इसलिए हलवे, खीर या ऐसे दूसरे पकवानों में बादाम जरूर डालें, ताकि परिवार के सदस्य इसका सेवन कर सकें।

ऑल इज वेल :- धूप की किरणों का सीधा हमला आपके या परिवार के किसी सदस्य के पेट पर होता है। इसलिए अगर अपने परिवार को इस परेशानी से बचाना चाहती हैं एक नुस्खे को आजमाएं। अपनी रसोई में पिसी हुई दालचीनी हमेशा तैयार रखें। जैसे ही किसी के पेट खराब होने के लक्षण महसूस हों, उसे आधा कप गर्म पानी में दालचीनी का चूरा मिलाकर पिला दें। पेट खराब होने से पहले ही ठीक हो जाऐगा। गर्मियों में सप्ताह में दो बार किसी व्यंजन में दालचीनी का इस्तेमाल जरूर कीजिए।

पसीने की बदबू से बचाव :- अगर आपके घर में किसी को गर्मी में जरूरत से ज्यादा पसीना आता है और पसीने की बदबू लगातार परेशान करती रहती हैं, तो नहाने से पहले शरीर पर सिरके की कुछ बूंदो से मसाज कर ली जाए तो पसीने की महक काफी कम हो जाती है इसी तरह से एक नुस्खा और है–गिलसरीन में मूली का रस मिलाकर उससे शरीर पर मसाज के बाद नहाने से भी पसीने की महक कम हो जाती है।

चमकता रहे चेहरा :- गर्मी के चेहरे की चमक खो जाती है ग्लो की जगह कालिमा घेर लेती है किसी–किसी की त्वचा पर दाने से निकल जाते हैं अगर आप इन सबसे अपनी खूबसूरती को बचाना चाहती हैं, तो नारियल पानी में तरबूज और संतरे का गूदा (मिक्स करके) मिला लें ओर उसे चेहरे पर लगाकर गुनगुने पानी से चेहरा धोल लें चेहरे की चमक बरकरार रहेगी। इसी तरह से कई बुजुर्ग गृहिणियां मानती है कि नीम की पत्तियों को पानी में उबाल लें। इस पानी की छानकर रख लें। इसे चेहरे या हाथ पैरों पर लगाकर धोने से झांइयों, कालिमा और दानों से बचाव होता है।

सनबर्न को कहिए बाय-बाय :- सनबर्न की सूरत में काले–काले धब्बे हमारे हाथ पैरों को जकड़ लेते हैं। इनसे निजाज पाने के लिए आप नहाने के पानी में खाने वाला सोड़ा एक चुटकी मिला लीजिये। इससे जहां सनबर्न हुआ है उस जगह को धो दीजिये। आलू को उबाल लीजिए और अच्छी तरह मे मिक्स कर लीजिये। अब इसे उस जगह पर लगाइये जहा सनबर्न हुआ है।

साभार

ऊर्जा संरक्षण विद्युत बचत के उपाय एवं जानकारियां

हम सभी ऊर्जा का संरक्षण कर बिजली की बचत कर सकते है। बिजली की बचत का प्रयास करने से हम बिजली का बिल 20 प्रतिशत तक कम कर सकते है। बिजली की खपत कम से कम हो उनके लिये निम्न उपाय है–

- दिन में सूर्य के प्रकाश का अधिकतम उपयोग करें तथा गैर जरूरी पंखे, टयूब लाईट इत्यादि उपकरणों को कमरे से बाहर जाते समय ध्यानपूर्वक बंद कर दें। इस प्रकार 25 प्रतिशत तक विद्युत की बचत कर सकते है।
- इलेक्ट्रोनिक उपकरण जैसे टी.वी. एस.सी., इत्यादि को स्टेण्डबाई कोड पर रखने से 01 वर्ष में लगभग 120 यूनिट बिजली ज्यादा खर्च हो जाती है।
- सी.एफ.एल. (काम्पेक्ट फ्लोरोसेन्ट लैम्प) का उपयोग करने से लगभग 75 प्रतिशत तक ऊर्जा बचाई जा सकती है। अतः जिन कक्षों में प्रकाश व्यवस्था बदलकर सी.एफ.एल. अवश्य लगायें।
- जिस जगह पर टयूब लाईट लगाना आवश्यक हो वहां पर पारम्परिक चोक के स्थान पर इलेक्ट्रोनिक चोक का उपयोग करने से लगभग 20 प्रतिशत विद्युत की खपत कम होती है एवं टयूब रोड की उम्र बढ़ जाती है।
- पखों को नियंत्रित करने हेतु लगे पुराने किस्म के रेग्युलेटर के स्थान पर इलेक्ट्रोनिक रेग्युलेटर का इस्तेमाल करने से लगभग 20 से 30 प्रतिशत तक की बिजली बचाई जा सकती है।
- घरों के पानी गर्म करने हेतु लगे गीजर में विद्युत की खपत अधिकतम होती है। अतः गीजर के स्थान पर सोलर वोटर हीटर का उपयोग कर बिजली के बिल में बचत की जा सकती है।
- घरों में उपयोग होने वाले विद्युत उपकरणों का उपयोग यथा संभव एक साथ न करें क्योंकि ऐसा करने से घर की बायरिंग के विद्युत क्षति बढ़ जाती है अर्थात् बिजली के यूनिटों की अनावश्यक हानि होने लगती है।
- गर्म खाद्य साम्रगी को ठंडा होने के पश्चात ही फ्रिज में रखें फ्रिज के दरवाजे को बार–बार न खोलें इस तरह से आप ऊर्जा खपत में 25 प्रतिशत तक बचत कर सकते हैं।
- कमरों की दीवारों पर हल्के रंगों का प्रयोग करने में कम वॉट के प्रकाश उपकरणों में भी कमरों में समुचित रोशनी की जा सकती है।

उपरोक्त उपायों के अलावा आप भविष्य में क्यूरो ऑफ एनर्जी इफिशियंसी द्वारा प्रमाणित कम से कम तीन सितारा चिंहित उपकरणों को खरीदें ताकि लंबे समय तक बिजली की बचत की जा सके। एक यूनिट बिजली की खपत करने का अर्थ है एक किलोग्राम कोयले की बचत होना इस तरह से आप ऊर्जा संरक्षण कर अपने फायदे के साथ ही देशहित का कार्य भी कर सकते है।

–इं. आर.के.बृजपुरिया ग्वालियर

उच्च रक्तचाप रहेगा नियंत्रित, करें मौन होकर ध्यान

उच्च रक्तचाप तथा ह्रदय के रोगियों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है, क्योंकि खून की नालियों में सिकुड़न आ जाती है। उक्त रक्तचाप या ह्रदय रोग के कारण धमनियों का व्यास पहले से ही कम हुआ रहता है। ठंड के कारण इनमें संकुचन होने से एंजाइना या हार्ट अटैक या स्ट्रोक या गुर्दे के फेल होने की आशकांए बढ़ जाती है। कुछ यौगिक क्रियाएं आपको इनसे बचाए रख सकती है।

आसन :– आसनों का अभ्यास बहुत महत्वपूर्ण हैं, मगर उन्हें अपनी क्षमता से अधिक नहीं करना चाहिये। प्रांरभ व्रजासन में बैठकर सूक्ष्म व्यायाम से करें। खड़े होकर ताड़ासन को दस से पन्द्रह बार करें। इसके बाद, पवनमुक्तासन, मकरासन, मर्कटासन, भूनमनासन तथा सेतुबन्धासन का अभ्यास अपनी क्षमतानुसार करें। क्षमता में वृद्धि होने के साथ ही इनके चक्रों की संख्या भी बढ़ाई जा सकती है।

प्राणायाम :– इन समस्याओं से ग्रस्त लोगों के लिये मौसम में सवरेत्तम प्राणायाम है नाड़ी शोधन तथा उज्जायी। इन प्राणायामों में श्वास–प्रश्वास सामान्य से थोड़ी सी अधिक गहरी होनी चाहिये। अभ्यास में कुम्भक बिल्कुल नहीं करनी चाहिये। श्वास जितनी ही अधिक शांत तथा ध्वनि रहित बनी रहे, उतना ही अच्छा है। नाड़ी शोधन प्राणायाम के 10–15 चक्र तथा उज्जायी प्राणायाम को दस मिनट तक किया जा सकता है।

योग निद्रा व ध्यान :– योग निद्रा ध्यान–योग निद्रा एवं ध्यान के नियमित अभ्यास से इन समस्याओं के प्रमुख कारण तनाव, दबाब मनोविकृतियों का समाधान सरलता से किया जा सकता है। ध्यान के किसी भी आसन में बैठकर रीढ़, गला व सिर को सीधा कर लेना चाहिये। आंखो को ढीली बंद कर सामने की ओर स्थित अंधेरें का अवलोकन करें। आरामदायक समय तक उस क्रिया का अभ्यास करें। फिर वापस पूर्व स्थिति में आकर योगनिद्रा का अभ्यास करें।

–साभार

समुद्र के बीच बसी श्रीकृष्ण की द्वारका

चारों धामों में से एक धाम है द्वारका। वहीं एसे सात पुरियों में से एक पुरी माना जाता है। अरब सागर के तट पर स्थित इस पौराणिक नगरी में दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। ऐसी मान्यता है कि आज से हजारों वर्ष पूर्व भगवान श्रीकृष्ण ने इसे अपने हाथों से बसाया था।



उल्लेखनीय है कि कान्हा की जन्मस्थली मथुरा जहां श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाएं रचाकर मथुरा को तीन लोक से न्यारा बना दिया। वहीं गुजरात में कान्हा की उस नगरी द्वारका जहां उन्होनें अपना राजकाज संभाला। इतना ही नहीं, उन्होंने देहोत्सर्ग भी इसी स्थान पर किया।

चारों धामों में से एक धाम है द्वारका। वहीं इसे सात पुरियों में से एक पुरी माना जाता है अरब सागर के तट पर स्थित इस पौराणिक नगरी में दूर–दूर से श्रद्धालु आते हैं। ऐसी मान्यता है कि आज से हजारों वर्ष पूर्व भगवान श्रीकृष्ण ने इसे अपने हाथों से बसाया था। मगर यदुवंशियों के पतन की भूमि भी यहीं रही। द्वारका का मन्दिर अत्यंत भव्य है और उसमें विराजी द्वारकानाथ की प्रतिमा भी काफी प्रभावशाली है। होली, दीपावली, जन्माष्टमी, पर यहां विशेष आयोजन होते है जिनमें बड़ी संख्या में पर्यटक शामिल होते हैं। पूरे मन्दिर में आकर्षक नक्काशी की हुई है। जिसका कर होना जीवंत दिखाई देता है। द्वारकानाथ जी की परिक्रमा के दौरान परिसर में स्थित सभी पुराने मन्दिरों के दर्शन होते है। द्वारकानाथ जी के ठीक सामने माता देवकी का मन्दिर है। माता और पुत्र के मध्य खड़ा दर्शन करने वाला भक्त भी खुद को धन्य महसूस करने लगता है। इसके अलावा यहां पर यशोदा माता, बलदेव जी, रणछौड़ भगवान और कृष्ण की सभी पटरानियों के मन्दिर भी बने हुये है।

भेंट द्वारका :– द्वारका से 35 किलोमीटर दूर है ओखा क्षेत्र जो समुद्रतटीय क्षेत्र का अन्तिम छोर है और यहां समुद्र के भीतर टापू पर बसी है भेंट द्वारका। द्वारका से भेंट द्वारका जाने वाला मार्ग आलौकिक जान पड़ता है। मार्ग में सबसे पहला पड़ाव आता है रूकिमणी जी का मन्दिर कहते है। रूकिमणी को प्यास लगने पर यहां श्रीकृष्ण ने गंगा जी को आव्हान किया था और वे वहां प्रकट हुई थी। तभी ये सहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिये यहां जलसेवा जारी है। इसके बाद आता है ज्योतिलिंग नागेश्वर महादेव और फिर पड़ता है। गोपी तालाब। तमाम मन्दिरों में प्रयुक्त होने वाला गोपीचंदन यहीं से आता है भेंट द्वारको मूल द्वारका भी कहा जाता है। यहां बोट की सहायता से पहुंचा जाता है। समुद्र में भेंट द्वारका हर एक को आश्चर्यचकित कर देती है। कहते है कि श्रीकृष्ण के शरीर त्याग करते ही द्वारका समुद्र में विलीन हो गई थी और स्मृति रूप से जो स्थान अब है वह भेंट द्वारका कहलाता है।

यहीं से भगवान गय निज धाम :– धीरे–धीरे रास्ता खत्म होने को आता है और आ जाता है सौराष्ट प्रांत में सोमनाथ का सीमा क्षेत्र। यहीं स्थित है भगवान श्रीकृष्ण के देहोत्सर्ग का स्थान भालका तीर्थ द्वापर के खत्म होने के दौरान इसी स्थान पर भगवान श्रीकृष्ण के दाहिने पैर में स्थित पदम पर जरा नामक एक बहेलिए ने निशाना साधा था और भगवान ने अपनी देह त्यागी थी। इस भालका तीर्थ से मात्र तीन कि.मी. की दूरी पर वह स्थान है जहां से बहेलिये ने भगवान को तीर मारा था। वहां बहेलिए और उनके बाण स्वरूप दो शिवलिंग समुद्र के भीतर बन गये हैं जिन्हें बाणगंगेश्वर कहा जाता है इस स्थान से एक कि.मी. की दूरी पर स्थित है। गीता मन्दिर यहां भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को संदेश दिया था और वहीं पर स्थान है जहां से भगवान श्रीकृष्ण निजधाम को चले गये थे। थोड़ी ही दूरी पर स्थित है त्रिवेणी, संगम जहां हिरण सरस्वती, और कपिला नदियां मिलती है। यहां भगवान श्रीकृष्ण का तर्पण किया गया था। आसपास भी कई क्षेत्र है जिनमें पांडवों की कुलदेवी हिंगलाज माता का मन्दिर भी शामिल है।

–साभार

जुलाई में धार्मिक यात्राओं के साथ भी कर सकते हैं पर्यटन

जुलाई में महाराष्ट्र बहुत ही खूबसूरत हो जाता है क्योंकि मानसून आ चुका होता है। हर तरफ हरियाली, बारिश, वाटर फाल का नजारा दिखता है। महाराष्ट्र में तीन ज्योतिर्लिगं हैं त्रयंबकेश्वर, भीमाशंकर और घृष्णेश्वर। त्रंयबेकश्वर नासिक के पास है जबकि भीमाशंकर पुणे और घृष्णेश्वर औरंगाबाद के पास हैं। घृष्णेश्वर से महज एक किलोमीटर की दूरी पर अंजता–एलोरा की गुफाएं हैं। गुफाओं में जाने के लिये यह सबसे अच्छा मौसम होता है बारिश के बाद ठंडक और हरियाली हो जाती है। औरंगाबाद की साड़ी काफी प्रसिद्ध है। वहां आप शॉपिंग भी कर सकते हैं। इसी तरह आप त्रयंबकेश्वर जा रहे हैं तो नासिक में रूकेंगे। नासिक में गोदावरी में स्नान के साथ आप वहां पंचवटी और सीता रसोई के भी दर्शन कर सकते हैं। पास ही में श्री शिर्डी सांई और शनि सिंगनापुर के भी दर्शन कर सकते हैं। भीमाशंकर के बाद आप पुणे जाते हैं तेा वहां दर्शन करे और घूमने के लिये बहुत से स्थान हैं।



गुजरात में है दो ज्योतिर्लिंग व द्वारकाधीश

अगर आप गुजरात जाते हैं तो वहां दो ज्योतिर्लिंग सोमनाथ और नागे वर दर्शन हो सकते हैं। अगर इन स्थानों के दर्शन के बाद आप द्वारका–भेंट द्वारका और रूकमड़ी मन्दिर भी जा सकते हैं। सोमनाथ से मात्र 90 कि.मी. पर दीव है। यह पूरा रास्ता ही समुद्री बीच के किनारे है। जुलाई में गुजरात का एक मात्र हिल स्टेशन सापूतारा काफी गुलजार होता हैं। सरकार की ओर से सापूतारा मानसून फेस्टिवल 30 जुलाई से 30 अगस्त तक चलता है। गिरा झरना, अभ्यारण भी जा सकते है। आप स्टैंचू ऑफ यूनिटी जा सकते हैं लेकिन वहां के लिये कम से कम छट घंटे का समय जरूर निकालें।

मानसून में खंडाला–लोनावाला बहुत खूबसूरत हो जाता है। यह भी पास में ही है।

01 जुलाई से अमरनाथ यात्रा :– एक जुलाई से 31 अगस्त तक बाबा बर्फानी यानी अमरनाथ यात्रा चलेगी। जो लोग धार्मिक यात्रा के साथ घाटियों–वादियों की खूबसूरती देखना चाहते हैं उनको जम्मू–कश्मीर जाना चाहिये। इसके लिये आपको पहले श्रीनगर, पहलगांव और फिर बाबा बर्फानी के यहां जा सकते हैं। इस यात्रा में आप काफी हिस्सा ट्रेन से भी कवर कर सकते है।उत्तराखण्ड में तो बहुत कुछ है– उत्तराखण्ड में चार धाम की यात्रा आप जुलाई में कर सकते है। इनमें गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ शामिल है। पहले की तुलना में अभी सड़के और सुविधाएं अच्छी हुई है तो अब यह यात्रा 6–7 दिन में पूरी कर सकते हैं। हां इन स्थानों पर जाना थोड़ा कठिन है। यहां बारिश के दौरान लैंड स्लाइडिंग का खतरा रहता है। यहां आप धार्मिक यात्रा तो करते हैं ही यहां की खूबसूरती आप जीवनभर नहीं भूल सकते है। यहां आपको ऋषिकेश तक ट्रेन और फिर कार से सफर करना होता है। यहां आपको दर्शन के साथ बर्फ की चोटिंया देखने को मिलेगी। उत्तराखंड जाते है तो आप कौसनी जा सकते हैं इसको भारत का स्विट्जरलेण्ड कहा जाता है। यहां से आगे आप वृर्थि जलप्रपात भी देख सकते है।

–साभार



चिकित्सा की प्राचीनतम पद्धति आयुर्वेद

आयुर्वेद विश्व की प्राचीनतम् चिकित्सा प्रणालियों में से एक है इसी को आयुविज्ञान भी कहा जाता हे जिसका सम्बंध शरीर को निरोग रखने एवं रोग हो जाने पर रोग से मुक्ति प्राप्त करना है एवं आयु बढ़ाने से होता है।जिस शास्त्र में आयु विभाजन, आयुज्ञान, आयु लक्षण आयु तन्त्र इन सभी विषयों की सम्पूर्ण जानकारी मिलती है वह आयुर्वेद है–आयुर्वेद ओषधियों के अधिकांश घटक जड़ी–बूटी, पौधे फूल, फल आदि से प्राप्त होती है और इन औषधियों का व्यवहारिक रूप से कोई दुष्प्रभाव भी देखने को नहीं मिलता है जीर्ण रोगों में आयुर्वेद विशेष रूप से प्रभावी माना गया है। मानव स्वास्थ्य हेतु आयुर्वेद एक वैकल्पिक चिकित्सा प्रणाली है जिसका प्रयोग भारतीय उपमहादीप भारत, नेपाल, एवं श्रीलंका आदि देशो में इसका उपयोग करते है। आयुर्वेद चिकित्सा घरेलू अन्य चिकित्साओं के अपेक्षा बहुत सस्ती है क्योंकि इसका उपचार हेतु जड़ी–बूटियाँ हम सभी को जंगलो से एवं खेती से प्राप्त हो जाती है। पुरातत्व वेतान्तों के अनुसार संसार की प्राचीनतम् पुस्तक ऋगवेद है। इस पुस्तक वेद में आयुर्वेद के अति महत्व पूर्ण विषयों का वर्णन मिलता है लेकिन महर्षि सुयुत चरक, बागभट्ट कश्यप के अनुसार आयुर्वेद को अर्थव वेदका उपवेद मानते हैं–''धन्वनितरि आयुर्वेद के देव जो विष्णु अवतार, रोग हरे आयु बढ़े, हरे विविध विकार।

–डॉ. रामगोपाल गुप्त वरिष्ठ चिकित्सक बंगरा मऊरानीपुर

महिला जगत



दतिया महिला सभा द्वारा होली मिलन समारोह सम्पन्न



दतिया। दिनांक 31 मार्च 2024 रविवार को श्री गहोई वैश्य महिला सभा का होली मिलन समारोह श्री गहोई भवन बड़ा बाजार दतिया में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला सभा की अध्यक्ष श्रीमती रेनू खर्द ने की। कार्यक्रम में श्रीमती सरोज की भजन मण्डल ने भजन गाकर कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम में गुनगुन चउदा कान्हा के रूप में संग राधा एवं उनकी सखियों का आकर्षक स्वरूप भी मनमोहक लग रहा था। कार्यक्रम में निम्न महिलायें उपस्थित रही जिमसें श्रीमती रेनू खर्द अध्यक्ष श्रीमती कल्पना चउदा उपाध्यक्ष, श्रीमती नीलम सोनी मंत्री, श्रीमती अंजू गुगोरिया कोषाध्यक्ष, श्रीमती मीनू मोर सहमंत्री, रेनू नगरिया संगठन मंत्री, शशि नगरिया सांस्कृतिक मंत्री, ज्योति सेठ, पूनम नाहर, उमा सेठ, सुमन नीखरा, ज्योति खर्द, सुषमा सिजरिया, सीमा सिजरिया, कुसुम खर्द, सीमा गुगोरिया, ज्योति सोनी, वंदना मोर, शगुन गुगोरिया, गायत्री मोर, सुनीता गंधी, मोनिका गुगोरिया, रेखा गुगोरिया आदि ने उपस्थित दर्ज कराई। अंत में गहोई समाज अध्यक्ष प्रो. आर.पी.नीखरा ने महिला मण्डल के होली मिलन समारोह पर अपनी टीम के साथ सभी को धन्यवाद दिया।

–सर्वेश कुरेले कार्यकारिणी सदस्य दतिया

गहोई वैश्य महिला मण्डल माधौगंज ग्वालियर एवं शैल्बी ऑर्थोपेडिक्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निशुल्क हड्डी रोड परीक्षण शिविर सम्पन्न

ग्वलियर। श्री महिला मंडल माधौगंज पंचायत गहोई वैश्य समाज,लश्कर ग्वालियर एवं शेल्बी ऑर्थोपेडिक्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा आयोजित कैलाश मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में निशुल्क हड्डी रोग परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन रविवार 31 मार्च को आयोजित किया गया। अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति कंथरिया एवं कार्यक्रम संयोजक श्रीमती ममता नीखरा ने बताया कि शिविर में अतिथि के रूप में अ.भा.ग. वैश्य महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती गीता नगरिया, श्रीमती जया गुप्ता, श्रीमती सुमन सोनी, डॉ विकास सावला, कार्यक्रम में उपस्थित हुए। अतिथियों द्वारा माँ लक्ष्मी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया। महिला मंडल पंचायत के पदाधिकारी द्वारा अतिथियों को बुके एवं माला पहनकर स्वागत किया। डॉ विकास सावला ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि अपने दिनचर्या में योग, मेडिटेशन ,खानपान का विशेष ध्यान रखें,इसी क्रम में श्रीमती गीता नगरिया, एवं श्रीमती जया गुप्ता ने अपने–अपने विचार व्यक्त किये। शिविर में 90 से ऊपर मरीजों ने लाभ लिया। महिला मंडल पचायत के पदाधिकारीयों द्वारा डॉक्टर विकास सावला, श्रीमती गीता नगरिया, श्रीमती जया गुप्ता श्रीमती सुमन सोनी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संस्थापक एवं संपादक वरूण गुप्ता कस्तवार का शाल उडाकर सम्मान किया। शिविर में अध्यक्ष कीर्ति कंथरिया ने स्वागत भाषण दिया। शिविर में माधवी रावत, सुनीता कनकने, रानी डेंगरे, बरखा कुचिया, कामिनी कनकने, सोनिया कनकने, रुचि पहारिया, शिखा नौगरिया, ममता छिरौलिया,एवं सभी कार्यकारिणी के सभी सदस्य कुमकुम छिरोलिया, भारती बिलैया, सुनीता छिरोलिया, गीता बडेरिया, मंजू गुप्ता, प्रगति रावत, सुनीता नीखरा, रिचा नीखरा, मोनिका डेंगरे, जूही गुप्ता, भारती बिलैया ,राधा सोनी, । मंच का संचालन सोनिया कनकने एवं आभार रुचि पहारिया ने किया । कार्यक्रम के अंत में सभी ने हेल्दी फूड का आनंद लिया।



– श्रीमती कीर्ति कंथरिया अध्यक्ष महिला मंडल माधौगंज पंचायत

गहोई वैश्य महिला मण्डल द्वारा रंगपंचमी मनाई गई



चिरगांव। गहोई वैश्य महिला मण्डल की अध्यक्ष आशा नीखरा की अध्यक्षता में रंगपंचमी पर 'शिव टैण्ट हाउस' में 'होली मिलन समारोह का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। राधा कृष्ण के अनेकों स्वरूपों के साथ होली गीतों पर फूलों और गुलाल की भव्य होली खेली गई। भगवान शिव और माता पार्वती के स्वरूप भी राधा–कृष्ण की होली देखने आये। महिला मण्डल की सभी बहिनों ने होली गीतों पर झूमते हुए नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन मंत्री ऋतु खर्द ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित संरक्षिका श्रीमती राजकुमारी पिपरसानियां, सहमंत्री दीपा गुप्ता, कोषाध्यक्ष जूली कंदेले, संयोजिका नेहा नगरिया एवं मधु गुप्ता, सपना खर्द, सुधा बहरे ,मंजु नगरिया, शिल्पी खर्द, मुक्ता कनकने, प्रमिला खर्द, कविता नगरिया, सुमन खंताल, रानी बरसैयां, श्वेता नीखरा, स्वाति सेठ, मंजु खंताल, पारुल गुप्ता, पम्मी नीखरा, एवं गहोई समाज की महिलाओं ने अत्यधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष आशा नीखरा ने उपस्थित समाज की सभी सम्मानीय महिलाओं और मंडल कार्यकारिणी का कार्यक्रम में सहयोग के लिए धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी की गरिमामयी उपस्थिति एवं सहयोग से ही रंगोत्सव का होली मिलन समारोह सफल हुआ।

–रमाकान्त नीखरा चिरगाँव

गहोई वैश्य महिला मण्डल सागर द्वारा होली मिलन



सागर। ग.वै.म.मंडल सागर द्वारा दिनांक 02 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को होली मिलन समारोह बहुत उत्साहपूर्वक सागर शहर के भव्य अटल पार्क में मनाया गया। जिसमें गहोई वैश्य समाज की बहिनें और बेटियां बड़ी संख्या में शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरुआत होली पर्व की महत्ता पर उद्‌बोधन संरक्षिका श्रीमति पुष्पा सेठ ने कहा कि हमारे इन पावन त्योहारों के साथ सभी के जीवन में खुशी की लहर के साथ पुनः नई ऊर्जा का संचार होता है। इसके बाद ग.वै.म. मंडल की अध्यक्षा सुधा रूसिया ने वरिष्ठ संरक्षिका ऊषा इंदुरख्या, स्नेह नगरिया,कोषाध्यक्ष रश्मि खरया,आभा सरावगी,कुसुम नगरिया आदि को गुलाल लगाया और फिर सभी बहिनों ने आपस में एक दूसरे से गले मिलकर हर्बल गुलाल लगाया। समता झुड़ेले,सीमा चौदा,चंपा नायक,मंजू चौदा ,बबिता बिजपुरिया,मंजू झुड़ेले आदि के गाए मस्ती भरे फागुनी और होली गीतों ने समां बांध दिया ।

अगले चरण में सांस्कृतिक मंत्री सारिका कठल और सीमा चौदा ने सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्न पूछे और बैलून के साथ एक मस्ती भरी रेस आयोजित की और फिर विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। इस धमाल मस्ती के बाद खाना ,मिठाई और ठंडाई का दौर चला । सभी बहिनों का आभार ज्योति झुड़ेले ने अभिव्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया । इस समारोह में सभी पदाधिकारी एवं ग.वै.म. मंडल सागर की सदस्याएं उपस्थित थीं ।

– सुमन झुड़ेले, मीडिया प्रभारी सागर

एलएनसीटी विश्वविद्यालय द्वारा श्रीमती रूबी गुप्ता को पी.एच.डी उपाधि प्रदान की गई



डबरा। श्री गहोई वैश्य समाज डबरा के वरिष्ठ सामजसेवी रहे स्व. श्री राधेश्याम नीखरा (नोनेर वाले) सुखदेवी की पुत्रवधू, प्रमोद–रूचि नीखरा, (ज्येष्ठ) की बहू, मुकेश–कविता नीखरा की भाभी द्वारा एलएनसीटी विश्वविद्यालय भोपाल से विधि संकाय में म.प्र. में बाल यौन शोषण एक विधिक अध्ययन ग्वालियर संभाग के विशेष संदर्भ में विषय में पी.एच.डी. की उपाधि श्रीमती रूबी नीखरा ने प्राप्त कर ली है। इसमें उनकी बेटी नविका गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। श्रीमती रूबी गुप्ता श्रीमती उमा निगोतिया स्व श्री रामप्रकाश की पुत्री है। तथा वर्तमान में सहायक प्राध्यापक महात्मा गांधी कॉलेज ऑफ लॉ ग्वालियर के पद पर कार्यरत है। श्रीमती रूबी गुप्ता को सम्मान के इस अवसर पर श्री गहोई वैश्य समाज के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल डेंगरे, पूर्व अध्यक्ष श्री कैलाश सरावगी, अमित डेंगरे, पंकज सर, राजेन्द्र नौगरैया, सनक गंधी, श्रीराम छिरौल्या, कमलकिशोर नीखरा, कमल मोदी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों तथा पारिवारिक इष्टमित्रों द्वारा बधाई देकर हर्ष व्यक्त किया है।

–सुनील तीतबिलासी सह संपादक गहोई बंधु

गहोई वैश्य महिला जागृति मण्डल ने अपना 27 वॉ वार्षिक उत्सव मनाया



पटना। सब पदाधिकारीयों को मंचासीन कराने के बाद राम दरबार की पूजा अर्चना करके दीप प्रज्वलित किया। सभी महिलाओं ने गहोई गीत गाया। तत्पश्चात् सचिव ने साल भर के कार्यक्रम का ब्योरा दिया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा बताई।अध्यक्ष श्रीमती अमिता बडेरिया की अध्यक्षता में कार्यक्रम प्रारंभ किया। जब अध्यक्ष महोदया ने दुपट्टा उड़ा कर सारे कार्यकारिणी के मेम्बर्स को सम्मानित किया।हमारी संरक्षिका श्रीमती रेखा नौगरैया ने अपने संबोधन में कहा कि सभी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अपना वोट लोकसभा चुनाव में सही पार्टी को दे। उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता सोनी, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिखा बिजपुरिया तथा सह कोषाध्यक्ष श्रीमती उमा गेड़ा ने संबोधन दिया साथ में आयव्यय का ब्यौरा दिया। 60 साल पूरे होने पर श्रीमती उमा गेड़ा तथा श्रीमती माधुरी सोनी को शॉल उड़ा कर मण्डल ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम समिति की श्रीमती सावित्री खर्द, प्रीति नौगरैया ,तथा शैली सोनी ने गेम ,हौजी ,लकी ड्रा, क्विज का संचालन कर प्रोग्राम को और रोचक बना दिया। आर्ची नोगरैया ने राम जी के भजन पर बहुत सुंदरडांस की प्रस्तुति की। शगुन सोनी ने अपने डांस से सबको बहुत भावुक कर दिया। लकी ड्रा श्रीमती करुणा सोनी का निकला। ठंडी ठंडी कोल्ड ड्रिंक के साथ लजीज चाट तथा स्वीट के इंतजाम ने प्रोग्राम में स्वाद भर दिया। सचिव मधु बरेरिया ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

-मधु बड़ेरिया, सचिव

गहोई वैश्य महिला मण्डल का होली मिलन समारोह सम्पन्न



भिण्ड। स्थानीय महावीर गंज शिवाजी नगर स्थित राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त गहोई सामुदायिक भवन में दिनांक 4 अप्रैल गुरुवार को आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि श्रीमती गीता नगरिया अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला मण्डल एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती मालती कस्तवार उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती उर्मिला लहारिया एवं श्रीमती विनीता नौगरैया ने की।

इस अवसर पर बहनों ने अबीर गुलाल लगाकर इक दूजे को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की। उपस्थित बहनों में सचिव वंदनारावत कोषाध्यक्ष वंदना सोनी उपाध्यक्ष रजनी नगरिया, ममता सोनी, मीना कस्तवार, पल्लवी हुका, अर्चना सोनी ,राजेश्वरी रावत, दीपमाला रावत ,सीमा मोर ,स्मृति रूसिया ,ज्योति नौगरैया, कमलेश रावत कमलेश लहरिया , रंजना सोनी,अनीता रूसिया विमला रावत, कमलेश चपरा, उर्मिला रूसिया मुन्नी नौगरैया आदि सैकड़ो की संख्या में महिलायें उपस्थित रही। एक गेम भी खिलाया गया जिसमें सोहनी नाछोला विजयी रही सभी बहनों ने डांस किया अंत में स्वल्पाहार का आनंद लिया।

-विनीता नौगरैया अध्यक्ष भिण्ड

महिला मण्डल जालौन द्वारा नवदुर्गा उत्सव मनाया

जालौन। गहोई वैश्य जालौन के निर्देशन में दिनांक 14 अप्रैल 2024 को गहोई वैश्य भवन जालौन में गहोई महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अनीता सोनी द्वारा नवदुर्गा उत्सव पर कन्याओं को देवी रूप में सजवाकर कन्या पूजन का कार्यक्रम किया गया तथा कन्याओं को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया तथा महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन कर आनंद उठाया गया तथा अंत में प्रसाद वितरण किया गया । नवदुर्गा उत्सव पर देवी रूप में अवनी ,नव्या ,परी ,इशिता, राधिका व हनुमान के रूप में श्लोक बने तथा महिलाओं में अलका महतेले, मंजू कसाव, कल्पना सोनी, रानी बरसैंया, विमला सुहाने, नीलम बरसैंया, संध्या कनकने, रूबी कनकने, राकेशी सुहाने ,गार्गी रावत,समता, वंदना सोनी आदि महिलाएं उपस्थित रही।



-श्रीमती अनीता सोनी अध्यक्ष महिला मण्डल

विदिशा महिला मण्डल द्वारा सुन्दरकाण्ड पाठ एवं सुहागिनों के भोज का आयोजन



विदिशा। दिनांक 29 मार्च 2024 शुक्रवार को राष्ट्रकवि श्री मैथलीशरण गुप्त मांगलिक भवन में दिन में 11 बजे गहोई वैश्य समाज महिला मण्डल एवं सहयोगी महिला मण्डल द्वारा सुन्दरकाण्ड का प्रारंभ दीप प्रज्वलित रामदरबार पर किया गया। सुन्दरकाण्ड में समाज की अधिक से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। गहोई समाज गुलाबगंज की महिलाओं ने भी आयोजन में भाग लेकर भजन कीर्तन किया। सुन्दरकाण्ड के आयोजन में गहोई महिला मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती आशा कनकने, उपाध्यक्ष श्रीमती शोभा कुरेले, प्रभारी सचिव श्रीमती ऊषा झुड़ेले, कोषाध्यक्ष श्रीमती दीपा छिरौल्या, महासभा की विकास मंत्री श्रीमती रेखा सुहाने, सह कोषाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सेठ, संगठन मंत्री श्रीमती रेणु बड़कुल, प्रचार मंत्री श्रीमती सुमन बिलैया, सांस्कृतिक मंत्री श्रीमती विनीता बरसैंया एवं कार्यकारिणी की समस्त महिलायें तथा समाज की अधिकांश महिलायें उपस्थित थी। सुन्दरकाण्ड के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। फिर 01 बजे से सुहागिनों को भोजन कराया गया।समाज की अध्यक्ष श्रीमती आशा कनकने ने सभी का आभार व्यक्त किया।

-श्रीमती आशा कनकने अध्यक्ष विदिशा

श्री ग.वै.महिला मण्डल ने मनाया होली मिलन उत्सव



ग्वालियर। श्री गहोई वैश्य महिला मण्डल द्वारा दिनांक 03 अप्रैल 2024 को होटल गुरूकृपा में मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मिस ग्वालियर, ग्वालियर मिस इण्डिया, मिसेस इण्डिया एयर हॉस्टेट ट्रेनर मीनाक्षी माथुर जी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती रीन सेठ ने की। कर्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन दीप प्रज्जवलन एवं होली गीत से हुआ। कार्यक्रम में महिलाओ के लिये साथ विभिन्न प्रदेशों के परिधान की थीम पर महिलाओं की केटवॉक किया। होली के व्यंजन प्रतियोगिता रखी गई जिसमें राधा छिरौल्या प्रथम ज्योति द्वितीय मीना चऊदा तृतीय रही। मीनाक्षी जी ने केटवाक एवं प्रश्न पूछकर चयनित किया। केटवाक में सेंकण्ड सुषमा नौगरैया, तृतीय विशाखा, चतुर्थ सपना रूसिया रही। मीनाक्षी जी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की सलाह एवं अपने सपनें साकार करने की बात कही। अशोक पहारिया ने डी डी नगर अध्यक्ष ने कार्यक्रम में ग्रेटर महिला मण्डल को 110 वे महासभा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ महिला मण्डल के सम्मान से सम्मानित किया। होली गीत पर सभी ने डांस पर मस्ती फूल और गुलाल से की। मंच संचालन बेबी रेजा एवं प्रीति निगोती ने किया आभार महामंत्री लता नीखरा ने किया। मण्डल बहनें सुमन सोनी, पूनम पहारिया, माधवी रावत, अलका नौगरैया, बरखा कुचिया, उषा सुहाने, आदि के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा।

-रानी सेठ, अध्यक्ष वृह. ग्वालियर

गुना महिला मण्डल द्वारा होली मिलन समारोह

गुना। दिनांक 29 मार्च 2024 को गहोई समाज गुना द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। गहोई समाज द्वारा महिला वर्ग, पुरुष वर्ग एवं बच्चों के लिए अलग–अलग खेलों का आयोजन किया गया। कपल गेम में सभी ने उत्साह से भाग लिया। सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। महिला वर्ग एवं पुरुष वर्ग में ग्रुप फोटो खिंचवाऐ। हाउसी गेम के साथ–साथ होली के विभिन्न गानों पर सभी ने बहुत डांस किया । अंत में फूलों की होली खेल कर गुलाल से टीकाकर एक दूसरे को बधाइयां दी ।सभी ने साथ–साथ मिलकर दाल बाटी एवं ठंडाई का आनंद लिया । इस शुभ अवसर पर गहोई समाज की सभी महिला एवं पुरुष पदाधिकारी सहित सभी महिलाऐ पुरुष एवं बच्चे सम्मिलित हुए।



हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर गहोई समाज की महिलाओं के द्वारा व्यायाम शाला मंदिर पर बच्चों के द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया एवं सभी महिलाओं के द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। हनुमान भजन एवं प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

-श्रीमती नीरू विजपुरिया, मीडिया प्रभारी

समाज के रससिद्ध कवियों से अनुरोध है कि प्रेरणादायक एवं सामायिक रचनायें ही प्रकाशन हेतु निरन्तर भेजते रहें। बुन्देली गीतों को प्राथमिकता दी जायेगी।–संपादक

काव्य-जगत

मदर्स डे पर विशेष "माँ"



एक बार गले लगाकर तो देखो,
माँ के मन को जानकर तो देखो।
कुछ देर उसके पास बैठकर तो देखो,
बस उसे तुमसे है प्यार की ही ललक।
अपनी बाहें फैलाकर तो देखो,
तुम्हारी बांहो में मिल जायेगी।
उसको वह सारी खुशियां,
जो वह कभी तुम पर लूटा चुकी है।
उसकी खुशियों को उसको ही लौटा कर तो देखो।
एक बार गले लगाकर तो देखो,
मत थोपो उस पर अपने विचार।
उसके विचारों को अपनाकर तो देखो,
अगर नाराज है वह तुमसे तो एक बार मना कर तो देखो।
अश्रु धारा बह जाएगी आंखो से उसके,
जो तुम एक बार गले लगाकर तो देखो।
उसकी कमियां निकालने से पहले,
अपनी कमियां समझ कर तो देखो।
बस एक बार उसे गले लगाकर तो देखो।

–पूजा नगरिया झांसी

नारी शक्ति

नारी अधिकारों को तुम ही जानो,
अपनी अस्मिता को भी पहचानो।
त्यागो अब तुम अपने नेत्र अश्रुओं को
अब बनो तुम नारी शक्ति।
हिम्मत को न कम हैं आंको।
अपनी शक्ति को है पहचानो।
तू ही दुर्गा, तू ही काली,
सर्व गुणों की है भद्रकाली।
अबला न कहलाओं अब तुम,
मातृ शक्ति बन जाओ अब तुम।

–साभार

कोशिश करने वालों की हार नहीं होती

लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती ।
नन्हीं चीटीं जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती है दीवारों पर सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रंगो में साहस भरता है,
चढ़कर गिरना गिरकर चढ़ना न उसे अखरता है।
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं जाती,
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।
डुबकियां सिंधु में जब गोताखोर लगाता है,
जा–जाकर खाली हाथ लौटकर आता है।
मिलते ही सहज न मोती गहरे पानी में,
बढ़ता दूना विश्वास इसी हैरानी में।
लेकिन मुट्ठी खाली हर बार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती ।

–साभार

श्री ग.वै.सेवा समिति ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह



औरैया । होली के दिन हम सबको एक दूसरे को गले से मिलकर शुभकामनायें दें। आज–कल कुछ लोग होली के पर्व पर आपसी खुन्नस निकालने में मौका देखते ही दुश्मनी निकालते है। जो कि समाजिक भाईचारा में बाधक है।

उक्त विचार स्थानीय श्री रामजानकी मन्दिर में आयोजित होली मिलन समारोह में समिति के संरक्षक डा0 मोहन सेठ ने व्यक्त किये। संस्था के अध्यक्ष गहोई विष्णु सोनी ने एक भजन गाकर समाज को एकजुट होने का सन्देश दिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास सेठ ने काव्य पाठ कर उपस्थित जन की खूब तालियॉ बटोरी। मंत्री अमित सोनी ने एक भजन प्रस्तुत किया। अंत में संगठन मंत्री गहोई बृजेश बन्धु ने होली पर स्वरचित रचना प्रस्तुत कर लोगों से खूब प्रंशसा बटोरी। एकत्र हुये गहोई समाज के लोगों ने फूलों की होली खेलकर एक–दूसरे को गुलाल लगाया। अंत में संरक्षक दिनेश कनकने ने सभी का आभार व्यक्त किया कहा कि आप सभी लोगों की लगन का ही नतीजा है कि आज औरैया समाज देश में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है।

होली मिलन के पावन अवसर पर संस्था द्वारा समाज के वयोवृद्व बंशीधर सोनी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से संस्था के महामंत्री अमित सुहाने, उपाध्यक्ष श्याम बरसंइयॉ, राजर्षी कनकने, संजीव रेजा, सुधीर गहोई, अनिल बहरे, दीपक इटौदिया, डा0 अनुज बरसैंया, दीपेश कनकने, आदि के साथ बड़ी संख्या में गहोई समाज के लोग उपस्थित रहे।

–बृजेश बंधु, औरैया

|| Shri Ganeshay Namah ||

Bio Data



Personal Detail

Name	:	Sagar Gupta
Date Of Birth	:	24 November 1996
Time of Birth	:	06:26 AM
Place Of Birth	:	Gwalior (M.P.)
Height	:	5.9
Complexion	:	Fair
Gotra	:	Gol
Aankana	:	Chhiroliya
Gan	:	Manushiya
Mama	:	Pahariya
Qualification	:	B.E. (CSE), ITM Gwalior
Occupation	:	Lead Software Engineer John Deere, Pune

Family Details



Grand Parents	:	Late Shri Devi Prasad Chhiroliya Late Smt. Mithla Devi Chhiroliya
Parents	:	Mrs. Kiran - Mr. Narendra Chhiroliya Business (9826324676)
Didi-Jijaji	:	Mrs. Safalta - Er. Abhishek Pahariya Owner at Threadmonk Indore 9713965343
	:	Mrs. Aayushi-Er. Shubham Saraogi (Jhansi)
Taiji-Tauji	:	Mrs. Ramkumari - Er. Om Prakash Chhiroliya (7415305865)
Chachiji-Chachaji:		Mrs. Archana - Mr. Mukesh Chhiroliya (9827547096)
	:	Mrs. Neelam - Mr. Umesh Chhiroliya (9826219525, 6264376057)
Buaji-Fufaji	:	Mrs. Kusum - Mr. Krishna Kudariya
	:	Mrs. Meera - Mr. Balkrishan Kharya
	:	Mrs. Shobha - Mr. Puroshottam Pahariya
Mamiji-Mamaji	:	Mrs. Meera - Mr. Suresh Chand Pahariya
	:	Late Mrs. Meera -Mr. Kailash Chand Pahariya (9140371104)
	:	Mrs. Madhu - Mr. Deepak Pahariya
	:	Mrs. Seema - Mr. Rajkumar Pahariya
Contact No.	:	Mr. Radhe Shyam Kuchia Fufaji Ex. President Akhil Bhartiya Gahoi Vaishya Mahasabha 9425114006, 7987103851, Gwalior
इस मौके पर पंच ओमप्रकाश खांगट ,पंच अशोक बरसैया ,पंच बृजेश बडोंनिया ,पंच अमित सेठ सरजी,देवेंद्र नगरिया ,राम प्रकाश हतनोरिया ,सुभाष खर्द,राकेश गेड़ा, मनोज लोहिया,महेंद्र कुमार मर ,राजेश गुप्ता ,अन्नु गंधी ,राजीव सहदेले ,के.डी गुप्ता, संजीव पहारिया,प्रदीप गुप्ता रानीपुर ,अमर नगरिया ,राजेश खांगट,कृष्ण मुरारी गुप्ता राजू, आदि उपस्थित रहे। अंत में रामकुमार लोहिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। –भरत सेठ मंत्री केन्द्रीय कार्यालय झांसी

गहोई भवन चित्रकूट में मनाया महासभा का 110 वॉ स्थापना दिवस



चित्रकूट। गहोई भवन चित्रकूट धाम में दिनांक 07 अप्रैल 2024 को अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा का 110 वां स्थापना दिवस श्री राधेश्याम कुचिया पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महासभा के मुख्य आतिथ्य में भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम सेठ मंत्री महासभा द्वारा किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर स्व. श्री नाथूराम जी रेजा एवं स्व. श्री बल्देवप्रसाद मातेले के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात गहोई ध्वज गीत का वाचन राधेश्याम सेठ द्वारा गायन किया । श्री ओमप्रकाश सेठ (दाऊ) ने अपने विचार प्रकट कर गहोई भवन पर प्रकाश डाला। राधेश्याम सेठ ने महासभा की स्थापना वर्ष 1914 से वर्ष 2024 तक के कार्यों पर चर्चा की। श्री राधेश्याम कुचिया जी ने महासभा के 110 वर्षों के योगदान की समीक्षा की एवं बताया कि इन वर्षों में कई समाजसेवियों की विशेष भूमिका रही है एवं बताया कि महासभा का निर्वाचन समय सीमा में होना चाहिये। इस अवसर पर श्री सतीश सुहाने पूर्व उपाध्यक्ष महासभा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था श्री रामबाबू खर्द प्रबंधक गहोई भवन चित्रकूट ने की। इस अवसर पर सर्वश्री राधेश्याम कुचिया, ओमप्रकाश सेठ (दाऊ), राधेश्याम सेठ, सतीश सुहाने, रामबाबू खर्द, प्रेमनारायण कनकने उरई, राजकिशोर पिपरसानियां, हरदेव बरसैंया, संतोष बरसैंया, गुलाबचन्द इटोरिया, बाबूलाल गुप्ता, आलोक कंदेले, संतोषकुमार रेजा, सुनील कस्तवार (कक्का), गुलजारीलाल धूसर, सुदामाप्रसाद सिजरिया, सुनील सुहाने नौगरैया, डॉ. नरेन्द्र नीरज सेठ, अमन सोनी, राजेन्द्र बिलैया, जयदेव सेठ, आदि सामाजिक बंधु उपस्थित थे। अंत में आभार श्री सतीश सुहाने पूर्व उपाध्यक्ष महासभा ने किया।

–राधेश्याम सेठ मंत्री महासभा

पक्षियों को पानी सकोरे टांग दिये

कभी खेतों की मेडों पर, बबूल की शाखाओं में,
बया के अद्भुत सुंदर, लटकते घोंसले।
मन को मोह लेते थे, चिलचिलाती धूप में,
बया के नन्हें छौने, ममता की छाँव में।
चहकते फुदकते अपने होने का, संदेश देते थे,
अतीत के मनोहारी दृश्य कुइयाँ, पोखर गांवो में।
कल–कल करते झरने, भूली बिसरी धुंधली यादो को
तरोताजा कर जाते है, गगन चुम्बी सुनहरे खजूर के
और ताड़ के पेड़, मानों आसमान छून को आतुर हों।
मुझे बचपन की याद, दिला जाते हैं।
अब न पोखर हैं न झरना, न कुईयों न पक्षियों के रैन बसेरे।
भूखे प्यासे इन अतिथियों को, दाने संग टांग दिये सकोरे।

–रमोला गुप्ता, दमोह

श्री गहोई वरिष्ठ संघ (पंजी.) वृह. ग्वालियर की वार्षिक आमसभा एवं होली मिलन सम्पन्न

ग्वालियर। श्री गहोई वैश्य समाज वरिष्ठ संघ (पंजी.) वृह. ग्वालियर की वार्षिक आमसभा एवं होली मिलन समारोह दिनांक 02 अप्रैल 2024



मंगलवार को सायं 4 बजे से डॉ. मैथलीशरण गुप्त पुस्तकालय एवं शोध संस्थान महाराज बाड़ा ग्वालियर में आयोजित की गई। कोरम के अभाव में आमसभा 30 मिनट के लिये स्थगित कर पुनः उसी स्थान पर की गई। साधारण सभा का मंच संचालन कर रहे डॉ. ओमप्रकाश सेठ द्वारा सर्वप्रथम श्री राधेश्याम कुचिया पूर्व अध्यक्ष महासभा श्री जयप्रकाश गहोई संरक्षक वरिष्ठ संघ, श्री प्रेमनारायण खंताल अध्यक्ष चम्बल क्षेत्रीय सभा, श्री दिलीप तपा अध्यक्ष वृह. ग्वालियर, श्री गनपतराम नीखरा पूर्व अध्यक्ष अ.भा.वरिष्ठ समाज, श्री सुरेशचन्द्र कस्तवार वरिष्ठ समाजसेवी, श्री मुन्नालाल गुप्ता (सुरेश निगोती) अध्यक्ष वरिष्ठ संघ वृह. ग्वालियर, श्री रमेशचन्द्र सरावगी सचिव, श्रीमती शकुन्तला सेठ महिला प्रकोष्ठ मंत्री वरिष्ठ संघ, को मंचासीन कराया गया। इसके उपरांत मंचासीन अतिथियों द्वारा श्री मैथलीशरण गुप्त दद्दा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात वरिष्ठ संघ के पदाधिकारियों सर्व श्री के.एन.सरावगी वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री मुकुट पहारिया उपाध्यक्ष, श्री राजेन्द्र कुमार सिजरिया संयुक्त मंत्री, श्री ओमप्रकाश सेठ संयुक्त मंत्री, श्री सुमन रूसिया संगठन मंत्री, श्री प्रेमचन्द्र चपरा प्रचार मंत्री एवं कार्यकारिणी सदस्यों में सर्वश्री राकेश कुमार कस्तवार, रामकृष्ण कंथरिया, भरत कुरेले, प्रकाश निगोती, रामकिशोर सरावगी, संतोष कुमार कुचिया, हरीशंकर रावत, बृजमोहन छिरौल्या द्वारा मंचासीन अतिथियों एवं विशिष्ट सम्मानीय सदस्यों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया।

साधारण सभा के एजेण्डा अनुसार अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गुप्ता (सुरेश निगोती) द्वारा अपने स्वागत भाषण में सभी मंचासीन अतिथियों सम्मानीय सदस्यों का स्वागत वंदन एवं होली की शुभकामनायें दी गई एवं वर्तमान कार्यकाल की उपलब्धियों एवं आगे की योजनाओं के बारें में विस्तार से अवगत कराया गया। मंत्री श्री रमेशचन्द सरावगी द्वारा पूर्व आमसभा की कार्यवाही का वाचन किया गया। कोषाध्यक्ष श्री गोपाल बिलैया द्वारा वरिष्ठ संघ का आय–व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। सदन द्वारा ताली बजाकर सर्वसम्मति से साधारण सभा की कार्यवाही की पुष्टि की गई। एजेण्डा के बिन्दु क्रमांक 4 के अनुसार अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों की चर्चा पर श्री राधेश्याम कुचिया जी (पूर्व अध्यक्ष महासभा) ने प्रस्ताव रखा कि वरिष्ठ संघ चुनाव में पराजित अध्यक्ष पद उम्मीदवार को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया जावे इस पर आमसभा में असहमति व्यक्त की गई अतः प्रस्ताव स्वतः गिर गया है। साधारण सभा में सलाहकार एवं समन्वय समिति के सदस्यों में सर्वश्री लक्ष्मीनारायण तपा, जगदीशनारायण कंथरिया, चतुर्भुज सावला, डॉ. ओमप्रकाश कस्तवार, राधेश्याम कुचिया, डॉ. सुरेशचन्द्र सोनी, अशोक कुमार सिपौल्या एड., अशोक कुमार कस्तवार उपस्थित रहे।

साधारण सभा की कार्यवाही के उपरांत वरिष्ठ संघ वृह. ग्वा. के पंजी. सदस्यों में जिन्होंने दिनांक 01 अप्रैल 2024 के 80 वर्ष एवं उससे अधिक आयु पूर्ण कर ली गई है ऐसे सम्मानीय सदस्यों का शाल, श्रीफल एवं पुष्प माला पहनाकर लगभग 25 पुरूष महिलाओं को मंचासीन अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इसके उपरांत वरिष्ठ संघ के लगभग 35 पंजीकृत संरक्षक सदस्यों को आमंत्रित कर संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर मोती माला पहनाकर सम्मानित किया गया है। संघ की इस कार्यवाही की सभी सदस्यों द्वारा सराहना की गई।

कार्यक्रम में एस.के.कंथरिया, रमेश बाबू गंधी, रामप्रकाश सोनी, सुरेश नीखरा (दाने वाले), मोहन कनकने, घनश्यामदास कंथरिया, केशव नीखरा, राजेश नीखरा, एन.के.सांवला, रमेश कनकने, केशवदास पहारिया, इंजी. ओमप्रकाश छिरौल्या, बिठ्लदास नाहर, परसुराम बिजपुरिया, प्रदीप बिलैया, ओमप्रकाश कारेखिमऊ, चतुर्भुज सांवला, आर.एस.छिरौल्या, महादेवप्रसाद कुरेले, रामस्वरूप पंसारी, नारायणदास पहारिया, आदि लगभग 200 सदस्य उपस्थित रहे। अंत में मंत्री श्री रमेशचन्द सरावगी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। सभी सदस्यों द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गई।

–सुमन रूसिया संगठन मंत्री वरिष्ठ संघ, ग्वा.

गहोई वैश्य समाज मुरार का होली मिलन समारोह सम्पन्न

ग्वालियर । गहोई वैश्य समाज मुरार का होली मिलन समारोह दिनांक 26 मार्च 2024 को गहोई धर्मशाला मुरार में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम सुंदरकांड का आयोजन किया गया फिर वार्षिक साधारण सभा की बैठक हुई। सब बंधुओ ने एक दूसरे पर फूलों की होली खेली। साधारण सभा की बैठक का संचालन डॉक्टर विनोद तरसौलिया मंत्री द्वारा किया गया। अध्यक्ष राजेश नौगरैया ने स्वागत भाषण से सभी का स्वागत किया। सभी उपस्थित सदस्यों ने तय किया कि धर्मशाला बैंकट हॉल में परिवर्तित किया जाए। कोषाध्यक्ष श्री संजीव द्वारा आय. व्यय का लेखा–जोखा प्रस्तुत किया गया । आभार प्रदर्शन पूर्व मंत्री दिनेश बिलैया द्वारा किया गया। होली मिलन समारोह में महिला एवं पुरुष सभी सदस्यों ने भाग लिया कार्यक्रम के समापन पर सभी बंधुओ ने भोजन का आनंद लिया।

–दिनेश बिलैया, मुरार

ग.वै. समाज बड़ौदरा में हुआ होली मिलन समारोह



बड़ौदरा। दिनांक 31 मार्च 2024 रविवार को बड़ौदरा समाज का होली मिलन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि रहे डॉक्टर गिरीश गुप्ता एवम गहोई समाज के वरिष्ठ जन और महिला मंडल के सदस्यों के द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। साथ ही मंच का संचालन कर रहे श्री महेन्द्र चउदा ने आभार प्रकट किया। श्री नवल किशोर कुदरिया द्वारा होली पर अपने विचार व्यक्त किए गए। मंच पर अद्वैत गुप्ता द्वारा हनुमान चालीसा का गायन और अरनव गुप्ता द्वारा होली के गानों का पियानो पर प्रस्तुति किया। दोनों बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की गई। गहोई समाज बडौदरा ने जिन बच्चों का स्कूल में अच्छा परफॉर्मेंस रहा ऐसे बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान पाने वाले बच्चे रहे –अंश गुप्ता, तक्षिल गुप्ता,माधव गुप्ता,नियति गुप्ता,यशवर्धन गुप्ता, जानवी और अंशिका गुप्ता। तत्पश्चात महिला सदस्यों द्वारा कपल गेम और बच्चों के गेम का आयोजन श्रीमती स्वाति मातेले, श्रीमती श्रुति बिलैया, श्रीमती गीता बिलैया एवं बाकी महिला सदस्यों के द्वारा किया गया। कपल गेम के पहले एवम दूसरे विजेता रहे डॉक्टर गिरीश गुप्ता एवं साकेत चऊदा जी पुरस्कार दिया गया। साथ ही बच्चों में अंश गुप्ता,अथर्व गुप्ता, नियति गुप्ता और अरनव गुप्ता को इनाम दिया गया। कार्यक्रम मंत्री श्री संतोष बिलैया ,मार्गदर्शक सदस्य श्री मनोज मातेले जी, श्रीमती स्वाति मातेले जी एवम अन्य सम्मानित सदस्यों द्वारा की गई। भोजन के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।

–रवि गंधी प्रचार मंत्री ,बड़ौदरा

प्रगतिशील गहोई एसोसियेशन सिविल लाइन का होली मिलन उत्सव सम्पन्न



झांसी । प्रगतिशील गहोई एसोसिएशन सिविल लाइन झांसी का होली मिलन उत्सव एवं बुंदेलखंड कलाकारों का गायन नृत्य एवं भजन का कार्यक्रम संस्था के अध्यक्ष देवेंद्र नगरिया की अध्यक्षता में पंचायत के अध्यक्ष राम प्रकाश नाछोला के मुख्य अतिथि में प्रोफेसर सीता राम गुप्ता व्यापारी नेता मनमोहन गेड़ा, प्रकाश गुप्ता के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम गणेश जी के समक्ष उपस्थित कार्यकारिणी के सदस्यों ने दीप प्रज्वलन किया बुंदेली कलाकारों रेडियो कलाकारों गायन एवं भजनों के द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया संरक्षक के ,सी नीखरा इं. सुशील गुप्ता ,राकेश गेडा, अशोक खंताल, ने चंदन तिलक लगाकर अतिथियों का स्वागत किया। शरद गुप्ता, लखनलाल गुप्ता , ओमप्रकाश मर, राजीव नगरिया, दिनेश सुहाने, जगदीश सेठ, जगदीश सरावगी, राम जी खरया, राम जी बिलैया ने फूलों की होली खेलकर पूरे वातावरण को होली मय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री भरत सेठ तथा विनोद सरावगी और आभार कोष अध्यक्ष राजेंद्र पटवारी पप्पू भैया संयोजक अशोक खांतल राकेश गेडा ने किया। कार्यक्रम में सुभाष खर्द ईश्वर कटहल जेपी गुप्ता आनंद सेठ विजय सरावगी एवं झांसी की विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्ष महामंत्री तथा श्री गहोई वैश्य पंचायत के अध्यक्ष श्री राम प्रकाश नाजोला ओम प्रकाश खंगट नितिन सरवागी रमेश सेठ अनिल पटवारी राजू और सभी पंच उपस्थित रहे।

–भरत सेठ महामंत्री

गहोई समाज मऊरानीपुर का होली मिलन समारोह

मऊरानीपुर। गहोई समाज द्वारा गौरीशंकर मन्दिर में रामजानकी मन्दिर में होली मिलन समारोह बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। गहोई देव स्थान प्रबंध समिति के तत्वाधान में भगवान को 56 प्रकार का प्रसाद लगाया गया। रंगपंचमी के अवसर पर एक दूसरे अबीर लगाकर गले मिले। फूलों की होली खेली। प्रसाद वितरण कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। जिसमें गोपालदास दमेले, मनीष बिलैया, मनोज नगरिया, भगवतनारायण मोर, मुकेश लहारिया, महेश बिलैया, रामबाबू पिपरसानियां, भगवानदास सेठ, संदीप सरावगी, अरविन्द खरया, संदीप मोर, आदि एवं गीता रूसिया, रजनी बिलैया, ऊषा कठिल, शशी बरसैंया, राजकुमारी कठिल, संगीता कस्तवार, आदि महिलायें उपस्थित थीं।



–भगवत मोर , मऊरानीपुर

ग.वै. समाज बिलासपुर में हुआ होली मिलन समारोह



बिलासपुर। रंग पंचमी के पावन पर्व पर गहोई वैश्य समाज बिलासपुर ने शांतिनगर स्थित राष्ट्रकवि डॉक्टर मैथिलीशरण गुप्त उद्यान में धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत राधा कृष्ण की पूजा आराधना एवं राष्ट्रकवि गुप्त जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर सुधाकर बिबे, पूर्व अध्यक्ष लोक कला मंच बिलासपुर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गहोई वैश्य समाज बिलासपुर के अध्यक्ष डॉ आर के गंधी जी ने की। मंचासीन समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी सदस्यों की उपस्थिति में सभी सम्मानित सदस्यों को होली के टाइटल से विभूषित करते हुए समाज के वरिष्ठ सदस्य श्री रमेश बाबू सिपौल्या जी को मूर्खाधिराज एवं श्री श्याम लाल कनकने जी को जोजवानंद अलंकार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार बरसैंया जी के द्वारा किया गया।

सभी सम्माननीय पदाधिकारी सदस्य एवं वरिष्ठ सदस्यों का टाइटल के द्वारा होली की टोपी पहन कर रंग गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। उपरोक्त अवसर पर आमंत्रित फाग गीत का कार्यक्रम मेला राम साहू एवं उनकी संगीत पार्टी द्वारा फाग गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। सभी सदस्यों का भगवा गमछा एवं गुलाल का तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। समाज की वरिष्ठ सदस्य श्री गणेश प्रसाद बरसैयां, श्री नरेश मातेले जी महिला मंडल अध्यक्षा श्रीमती सुलेखा एवं श्रीमती रीता बरसैया, कोषाध्यक्ष श्री हरीकिशोर जी वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री बलराम जी श्री अनिल बरसैंया जी श्री लक्ष्मी नारायण बिलैया श्री अजय बरसैंया सांस्कृतिक सचिव डॉ मनीष कुमार रेजा, श्री अनीश नीखरा नवयुवक मंडल अध्यक्ष अंकित सेठ श्री रत्नेश बिलैया श्री मनोज लोहिया श्री संजीव बहरे श्री संदीप कुचया एवं समाज के सम्माननीय महिला मंडल की सदस्य श्रीमती आभा बरसैया श्रीमती सुनीता श्रीमती शशि प्रभा श्रीमती कल्पना रेजा श्रीमती रामदेवी वरसैया श्रीमती शांति मतले श्रीमती रंजना श्रीमती सरोज श्रीमती रश्मि बिलैया उपस्थित रही। आभार प्रदर्शन श्री अनिल बरसैंया जी द्वारा किया गया। सभी ने ठंडाई का लुफ्त उठाया।

-डॉ. मनीष कुमार रेजा सांस्कृतिक सचिव बिलासपुर

अयोध्यानगर भोपाल के द्वारा होली मिलन सम्पन्न



अयोध्यानगर (भोपाल)। गहोई वैश्य समाज अयोध्यानगर भोपाल के द्वाराए दिनांक 29 मार्च 2024 को होली मिलन समारोह सफलतापूर्वक धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम गणेश प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण मुख्य अतिथि श्री रमेश लोहिया अध्यक्ष भोपाल एवं श्री देवेन्द्र विश्वारी अध्यक्ष जिला भोपाल तथा आयोजन समिति द्वारा किया गया। एवं उपरोक्त सभी अतिथियों द्वारा गहोई निर्देशिका 2024 का विमोचन किया गया। सभी अतिथियों का सम्मान किया। चंदन, टीका लगाकर स्वागत किया गया ।बच्चों एवं राधाकृष्ण के साथ फूलों की होली, नृत्य आकर्षण का केन्द्र बना। क्षेत्र में सबसे वरिष्ठ महिला एवं पुरूष तथा वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूर्ण होने वाले दाम्पत्य का शॉल, श्रीफल, स्मृति से सम्मान किया गया। आयोजन समिति की महिलाओं द्वारा श्रीमती ऊषा पहारिया, ममता कठिल, सपना सेठिया, सुनीता बिलैया, संगीता नौगरैया, ममता कंदेले, आरती हरे, शशि बरसैंया, सुषमा सिजरिया, वंदना नौगरैया, श्रीमती सुहाने के द्वारा सुंदर फाग की गीत की प्रस्तुति दी गई। इसी के साथ महिला एवं बच्चों की चेयर रेस प्रतियोगिता हुई एवं विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात मेधावी छात्र–छात्राओं 5 वीं एवं 8, 10,12 वी में सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र–छात्राओं को मोमेन्टो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विशेष सहयोग के लिये निर्देशिका 2024 में विज्ञापन हेतु एवं वरिष्ठजन, सम्मान, मेधावी छात्र सम्मान के लिये सभी सहयोगकर्ता का फूल माला से सम्मान किया गया। हमारे आयोजन समिति के सदस्य श्री जी.सी.पहारिया, अमरचन्द कठिल, रत्नाकर सेठिया, रामकुमार कंदेले, चन्द्रप्रकाश नौगरैया, सुशील बहरे, राकेश नौगरैया, जे.पी.विश्वारी, संतोष सोनी, दीपक सावला, आदि सामाजिक सदस्यों के अथक प्रयास से कार्यक्रम सफल हुआ।

अंत में समय से आने वाले सामाजिक बंधुओं के लिये कूपन ड्रा भी रखा गया और कूपन ड्रा के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। एवं 700 लोगों ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम संयोजक अमरचन्द कठिल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

-अमरचन्द कठिल,

उज्जैन समाज द्वारा होली मिलन समारोह सम्पन्न



उज्जैन। श्री गहोई वैश्य समाज उज्जैन द्वारा दिनांक 31 मार्च 2024 को श्रीराम जानकी मन्दिर नील गंगा पर होली मिलन समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्ष सचिव एवं कोषाध्यक्ष को मंचासीन कराया गया। श्री नागेश गुप्ता अध्यक्ष जी की स्वीकृति से श्री राजेश कनकने जी को टेपा सम्मान से विभूषित कर मंचासीन किया गया। मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा टेपा सम्मानित श्री कनकने जी को माला, टोपी एवं गुलाललगाकर साथ ही महिलाओं द्वारा उनका गुलाल से श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रकवि श्री दद्दा जी के चित्र पर मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण करते हुये दीप प्रज्वलित किया गया। डॉ. श्री विनोद गुप्ता द्वारा संचालन करते हुये व्यंगात्मक अंदाज में होली की शैर–शायरी का वाचन किया। इस अवसर पर नवजात शिशु श्री सूरज रावत व नेहा रावत को एवं पुत्र को माला पहनाकर सम्मान किया गया। अध्यक्ष महोदय द्वारा अपने उद्बोधन में सभी को होली की शुभकामनायें दी। साथ ही श्री पंकज रूसिया (भाजपा नेता) को समाज में राजनैतिक कद को अग्रसर करने हेतु शुभकामनायें दी।

श्री महेन्द्र रूसिया कोषाध्यक्ष द्वारा आभार व्यक्त करते हुये उपस्थित समस्त परिवारों को होली की शुभकामनायें दी एवं सभी का आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात उपस्थित परिवारों द्वारा स्वल्पाहार का लुफ्त उठाया एवं एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनायें दी। महिलाओं एवं पुरूषों द्वारा संगीतमय होली के भजनों पर नृत्य करते हुये एवं गुलाल उड़ाते हुये कार्यक्रम को रंगारंग किया। कार्यक्रम में श्री नागेश गुप्ता अध्यक्ष, श्री सुभाष गुप्ता सचिव, श्री महेन्द्र रूसिया कोषाध्यक्ष, श्री मनीष गुप्ता, श्री आनंद गुप्ता, श्री राजेश कनकने, डॉ. विनोद गुप्ता, श्री पंकज रूसिया, भाजपा नेता, श्री ह्रदेश गुप्ता, डॉ. श्रीमती शशि गुप्ता, श्रीमती मंजु गुप्ता, श्रीमती सरोज सुहाने, श्रीमती अर्चना गुप्ता, श्रीमती दीप्ति गुप्ता, श्रीमती संगीता रूसिया आदि के साथ समाज के सभी संगठन एवं परिवार के लोग उपस्थित हुये।

–महेन्द्र कुमार रूसिया कोषाध्यक्ष उज्जैन

होली मिलन समारोह एवं साधारण सभा की बैठक सम्पन्न



डबरा। श्री गहोई वैश्य परिवार डबरा का होली मिलन समारोह एवं साधारण सभा की बैठक दिनांक 31 मार्च 2024 रविवार को सांय 4 बजे से संगमा इस्टेट शुगर मिल परिसर में रंगोत्सव 2024 के रूप में भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता श्री मुन्नालाल डेंगरे अध्यक्ष गहोई वैश्य परिवार के द्वारा की गई। साधारण सभा की बैठक में श्री गहोई वैश्य समाज महिला मण्डल डबरा एवं मन्दिर श्री रामलला गहोई वैश्य ट्रस्ट का विगत वर्ष का आय–व्यय पत्रक प्रस्तुत किया गया। जिसकी उपस्थिति स्वजातिय बंधुओं एवं बहनों द्वारा करतल ध्वनि से स्वीकृति दी गई। समारोह में अध्यक्ष महोदय द्वारा समाज को नई ऊँचाईयां प्रदान करने हेतु नवीन धर्मशाला का निर्माण वरिष्ठ संघ की स्थापना, तीर्थदर्शन योजना (वृद्धजनों के लिये) मेडीकल कैम्प, मेरिट छात्र–छात्राओं को सम्मान एवं पुरस्कृति करने जैसी अनेक योजनायें अपने उद्बोधन में घोषणा की गई।

समारोह में वृंदावन से आये कलाकारों द्वारा राधाकृष्ण की आरती, बांके बिहारी की झांकी, राधाकृष्ण की फूल होली एवं वर्षाने की लठ्ठमार होली जैसी अनेक आकर्षक एवं मनमोहक प्रस्तुति दी गई। समारोह में सभी स्वजातिय बंधुओं एवं बहनों द्वारा फूल होली एवं गुलाल के साथ रंगोत्सव 2024 का आनंद पुष्प वर्षा एवं गुलाल से होली खेलकर आनंद उठाया। कार्यक्रम में लगभग 1500 स्वजातिय बंधुओं एवं बहनों की उपस्थिति थी। अंत में सभी ने स्वरूचिभोज का आनंद लिया समारोह की सभी के द्वारा भूरि–भूरि प्रंशसा की गई। कार्यक्रम सायं 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक चलता रहा।कार्यक्रम का संचालन संस्था के महामंत्री कमल किशोर नीखरा ने किया। कार्यक्रम में श्री कैलाश सरावगी, नवल कुचिया, हरीमोहन नीखरा, विनोद घुरा, राजेन्द्र नौगरैया, कमल मोदी, कपिल बिलैया, श्रीराम छिरौल्या, हरीबाबू सोनी, अमित डेंगरे, राजकुमार कुदरिया, दिनेश नीखरा, राजू सांवला, रिंकू छिरौल्या, सुनील तीतबिलासी, दिनेश सांवला, सनक गंधी, श्रीमती ममता कुचिया, आरती पिपरसेनियां, रेखा नीखरा, गायत्री तीतबिलासी, राजू (भम्पोली), अशोक खांगट (बंटी), हरनारायण रिखौल्या सहित अन्य पदाधिकारी एवं वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित हुये साथ ही अध्यक्ष महोदय द्वारा नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसकी घोषणा आमसभा में की गई। एवं गठन से सम्बन्धित प्रपत्र सदन में वितरित किया गया। **–कमलकिशोर नीखरा महामंत्री श्री ग.वै.परिवार डबरा**

गहोई वैश्य समाज पूणे (महा.) द्वारा होली मिलन एवं महासभा स्थापना दिवस सम्पन्न



पूणे (महा.) । अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा के 110वें स्थापना दिवस पर दिनांक 07 अप्रैल 2024 को गहोई वैश्य समाज पुणे द्वारा भव्य सुंदरकांड के पाठ एवम पारंपरिक रूप से कुछ अलग एक फन फेयर का आयोजन किया गया। पुणे गहोई परिवारों ने बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर इस आयोजन को अभूतपूर्व रूप से सफल बनाया।इस फन फेयर में पुणे गहोई समाज के उभरते हुए उद्यमियों को स्टॉल्स के माध्यम से व्यवसाय विस्तार का भी अवसर मिला।इसी अवसर पर दक्षिण क्षेत्रीय महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष श्री मनोज नाछोला जी एवं पुणे अध्यक्ष श्री पंकज कंदेले जी ने श्री हिमांशु ददरया, श्री मेहर गुप्ता, श्री शशांक सेठ और श्री नीलेश गुप्ता जी को शपथ दिला कर पुणे कार्यकारिणी का विस्तार किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महासभा के पूर्व अध्यक्ष श्री जुगल किशोर मातेले जी का सानिध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुणे समाज के वरिष्ठ उपा. मनीष बड़ोनिया, उपाध्यक्ष श्रद्धा पहारिया, मंत्री हितेश बिलैया, कोषाध्यक्ष विनय गुप्ता,जय बृजपुरिया, मार्दुला बृजपुरीया, सोनाली सुहाने, शिरीष गुप्ता एवम समाज के सभी बंधुओं का योगदान रहा। वर्तमान मे पूणे में गहोई समाज के लगभग 500 परिवार है सभी का सहयोग रहता है। – **मनोज गहोई समाज पूना**

गहोई वैश्य समाज शहडोल का होली मिलन सम्पन्न



शहडोल । दिनांक 31 मार्च को श्री घरौला नाथ हनुमान मंदिर प्रांगण में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। उसके पश्चात समाज के अध्यक्ष एड.राजीव सुहाने द्वारा समाज की कार्यकारिणी के सह सचिव पद पर पूर्व में नियुक्त श्री अमरदीप सेठ को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किये जाने से उक्त पद रिक्त होने के कारण डा.प्रशांत खरया जी को सह सचिव पद पर नियुक्त किये जाने की घोषणा की। समाज के संरक्षक एवं वरिष्ठ श्री डी.के.रूसिया जी को होली मिलन समारोह का अध्यक्ष घोषित कर सब्जियों से सुसज्जित माला पहनाकर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। श्री अमरदीप सेठ ने गाना गाया, श्रीमती तृप्ति सेठ व बेटी मीठी सेठ ने सुंदर गीत प्रस्तुत किया,श्री राकेश कटारे ने चुटकुला सुनाया,राजीव सुहाने द्वारा भी चुटकुले व शेर प्रस्तुत किये गये,श्री डी के रूसिया जी द्वारा समाज के विकास हेतु भाव व्यक्त किये गये।

श्री सुहाने द्वारा उपस्थित सभी बंधुजनों,मातृशक्ति,बच्चों को कार्यक्रम को सफल व मनोरम बनाये जाने के लिए आभार व धन्यवाद व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्वल्पाहार के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। **–राजीव सुहाने एड. अध्यक्ष शहडोल**

कमलकिशोर नीखरा महामंत्री एवं कमल मोदी कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदों पर अध्यक्ष द्वारा मनोनयन किया गया

डबरा। श्री गहोई वैश्य परिवार डबरा के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल डेंगरे ने अपनी नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें कमलकिशोर नीखरा को महामंत्री, कमल मोदी कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र नौगरैया (राजू) एवं राजकुमार कुदरिया, सनक गंधी एवं कैलाश सेठ को भी उपाध्यक्ष बनाया गया है। उपमंत्री शैलेन्द्र खर्द, उपकोषाध्यक्ष सुरेन्द्र छिरौल्या, अंकेक्षक मनोज कसाव, प्रचार मंत्री संजय कुचिया, राजेन्द्र सावला मीडिया प्रभारी, नरेश छिरौल्या को धर्मशाला संयोजक, कमलेश सांवला को बर्तन संयोजक, महेश नैना, भानुप्रकाश कुदरिया को सांस्कृतिक मंत्री, मुरारीलाल, राकेश सेठ को संगठन मंत्री बनाया गया। साथ ही एक कोर कमेटी का गठन किया गया जिसमें हरीमोहन नीखरा, कैलाश सरावगी, रामनिवास छिरौल्या, नवलकिशोर कुचिया, विनोद घुरा, मदन छिरौल्या, मोहन बिलैया, रमेश बिस्वारी को नियुक्त किया गया । उपरोक्त सभी पदाधिकारियों द्वारा अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये आभार माना है। साथ ही समाज के लिये हर समय कंधे से कंधा मिलाकर चलने की प्रतिज्ञा की। **कमलकिशोर नीखरा महामंत्री डबरा**



श्री गहोई वैश्य परिवार द्वारा ग्वालियर की गहोई तीर्थ दर्शन यात्रा का भव्य स्वागत किया गया



डबरा। एस.के.गुप्ता संस्कार पब्लिक स्कूल पंतनगर, ग्वालियर के संयोजन में ग्वालियर में निवासरत वरिष्ठजनों की गहोई तीर्थ दर्शन यात्रा का आयोजन किया गया। उक्त यात्रा दिनांक 14 अप्रैल 2024 रविवार को प्रातः 08 बजे 2 बसों द्वारा माधवनगर गेट से प्रारंभ हुई जिसमें लगभग 150 तीर्थयात्रियों ने जौरासी लक्ष्मी मन्दिर, पवाया, धूमेश्वर मन्दिर आदि धार्मिक स्थलों का दर्शन कर लाभ प्राप्त किया। धूमेश्वर के पास पंवाया ग्राम को गहोई समाज का उद्गम स्थान भी माना जाता है। पवाया से धार्मिक यात्रा लौटते समय महाकाल ग्रुप की फैक्ट्री पर श्री गहोई वैश्य परिवार के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल जी डेंगरे द्वारा सभी तीर्थयात्रियों को पुष्पहार एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात स्वल्पाहार सभी यात्रियों द्वारा किया गया। इसके पश्चात एक सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कुछ वरिष्ठजनों द्वारा समाज की प्रगति एवं नई दिशा प्रदान करने हेतु विचार व्यक्त किये गये। गहोई वैश्य परिवार के अध्यक्ष मुन्नालाल जी डेंगरे द्वारा इस प्रकार की यात्रा डबरा से निकालने की घोषणा अपने उद्बोधन में की। कार्यक्रम उपरांत उपस्थित सभी स्वजातिय बंधुओं द्वारा स्वरूचिभोज का आनंद लिया। इस कार्यक्रम की सौजन्यता ''महाकाल ग्रुप '' द्वारा की गई। उक्त कार्यक्रम में ग्वालियर से अ.भा.वरिष्ठ संघ के पूर्व अध्यक्ष श्री गनपतराम नीखरा, वरिष्ठ संघ अध्यक्ष सुरेश निगोती, पूर्व अध्यक्ष जे.पी.गहोई, धर्मेन्द्र बड़ेरिया, डॉ. गोपाल बिलैया, डॉ. ओ.पी.सेठ. महादेव नीखरा तथा वरिष्ठजन आदि एवं डबरा से नवल कुचिया, हरीमोहन नीखरा, कैलाश सरावगी, कपिल बिलैया, विनोद घुरा, दिनेश पिपरसानियां, अजीत नीखरा, राजेन्द्र नौगरैया, कमल मोदी, सनक गंधी, राजू कुदरिया, अमित डेंगरे, सुनील तीतबिलासी, दिनेश नीखरा, नरेश छिरौल्या, राजू सांवला, विनोद खांगट, अशोक खांगट (बंटी) आदि की उपस्थिति मुख्य रूप से रही। कार्यक्रम का संचालन संस्था के महामंत्री कमल किशोर नीखरा द्वारा किया गया।

-कमलकिशोर नीखरा, महामंत्री



होली मिलन समारोह एवं रंगपंचमी उत्सव सम्पन्न

पिछोर (शिवपुरी)। श्री गहोई वाटिका पिछोर में 30 मार्च 2024 को गहोई नवयुवक मंडल अध्यक्ष श्री अनिल डेंगरे एवं उनकी समस्त टीम के तत्वाधान में भव्य होली मिलन समारोह रंग पंचमी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं क्षेत्रीय विधायक श्री प्रीतम सिंह लोधी तथा गहोई समाज के आदरणीय श्री बृजेश जी कनकने (पै रेल्वे) एवं समस्त अतिथियों द्वारा भगवान श्री राधा कृष्ण जी की पूजा अर्चना की गई एवं महा आरती की गई। तत्पश्चात राष्ट्रकवि श्री मैथिलीशरण गुप्त जी एवं श्री लक्ष्मी नारायण नन्ना की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी अतिथियों ने रंगपंचमी महोत्सव का गुलाल (तिलक) लगाकर, मलयार्पण कर भव्य स्वागत–सम्मान किया गया। समस्त बंधुजनों को गुलाल लगाकर रंग पंचमी की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी ने वृंदावन से आई मंडली एवं ठाकुर जी के साथ फूलों की होली खेली गई। क्षेत्रीय विधायक श्री प्रीतम सिंह लोधी जी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया की गहोई समाज के कार्यक्रम में आना हमारा परम सौभाग्य है। क्षेत्रीय विधायक, अतिथियों, सामाजिक बंधुजनों एवं मतृशक्ति सभी के द्वारा भगवान राधा–कृष्ण जी के साथ फूलों की होली खेली गई।समस्त अतिथियों एवं वक्ता के रूप में श्री राजाराम निगोती, मनीराम सोनी, मुकेश पंसारी, ओम प्रकाश चौधरी, आशीष चौधरी आदि द्वारा उद्बोान में होली की शुभकामना दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्री प्रीतम सिंह लोधी एवं श्री मोहन कनकने जी को स्मृति चिन्ह तथा शांल–श्रीफल भेंट कर भव्य स्वागत सम्मान किया गया। इसके साथ वृंदावन से आई मंडली के साथ राधा कृष्ण के मनमोहक गीतों पर फूलों की वर्षा के साथ सामूहिक नृत्य के साथ फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वल्पाहार एवं ठंडाई (छांछ) का भरपूर आनद लिया। मंच संचालन श्री बसंत कनकने एवं आभार प्रदर्शन श्री अनिल डेंगरे अध्यक्ष गहोई नवयुवक मण्डल पिछोर द्वारा किया गया।

-अनिल निगोती,पिछोर

गहोई बंधु कार्यालय में महासभा का 110 वां स्थापना दिवस मनाया गया



ग्वालियर। दिनांक 07 अप्रैल 1914 में आज के दिन नाथूराम रेजा एवं श्री बल्देवप्रसाद मातेले ने महासभा की स्थापना 07 अप्रैल को की थी। गहोई बंधु कार्यालय में उनके चित्रों पर माल्यार्पण करके उनको याद किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री मोहन कनकने कोषाध्यक्ष ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर पूर्व चम्बल श्री रमेशबाबू गंधी, उपकोषाध्यक्ष महादेव नीखरा, संयुक्त संपादक बंधु डॉ. गोपाल बिलैया पूर्व बंधु व्यवस्थापक अनिल कस्तवार (अन्नू) डॉ. ओमप्रकाश सेठ, नीतेश सेठ, कमल तपा, महेश गेड़ा, रघुवीरप्रसाद छिरौल्या, रजनी सोनी आदि सामाजिक बंधुओं ने स्थापना दिवस की बधाई दी। सभी लोगों ने अपने–अपने विचार व्यक्त किये। आभार प्रदीप बिलैया संयुक्त संपादक द्वारा किया गया। –प्रदीप बिलैया संयुक्त संपादक बंधु

दिनारा गहोई समाज की प्रतिभाओं का किया गया सम्मान



दिनारा । प्रतिभाओं का उत्साह वर्धन करने के उद्देश्य से पूर्व विधायक प्रतिनिधि जय जय और केके गुप्ता पत्रकार ने दिनारा कस्बे की गहोई समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया । सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय निर्मल एकेडमी विद्यालय में किया गया । कार्यक्रम का संचालन जय जय वकील ने किया । सर्व प्रथम प्रतिभाओं सहित उनके अभिभावक (पिता) का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया । समारोह के आयोजक जय जय वकील और केके गुप्ता पत्रकार ने स्थानीय कोचिंग व निजी विद्यालयों के संचालकों एवं अध्यापकों के माध्यम से सरकारी सेवा में चयनित हुई गहोई समाज की प्रतिभाएं सत्यम गुप्ता पटवारी, दीपांश गुप्ता पटवारी, अंशुल गुप्ता शिक्षक वर्ग 2, शिवानी बेडर शिक्षक वर्ग 3, हिमांशी चौधरी शिक्षक वर्ग3, सार्थक रावत स्टेनोग्राफर, शिवानी तीतविलासी स्टेनोग्राफर, निशा तीतविलासी स्टेनोग्राफर, शिवानी नीखरा स्टेनोग्राफर को प्रशस्ति पत्र भेट किए गए। आयोजन में कोचिंग व निजी विद्यालय के संचालकों,अध्यापकों सहित प्रतिभाओं के पिताओं का अंगवस्त्र भेटकर स्वागत,सम्मान किया गया । जिसमे राजेश नीखरा,केदार नाथ गुप्ता,अजय अमर, रवि कसाव,गिर्राज नीखरा,आशीष शर्मा,रवि नगरिया,सोनू, अशोक कंथरिया,ललित गुप्ता,अंकित रावत आदि शामिल हुये। अंत में स्वल्पाहार कराया गया।

–भावना के.के.रूसिया पत्रकार दिनारा

मन्दिर श्री रामलला गहोई वैश्य ट्रस्ट द्वारा हनुमान जंयती मनाई गई



डबरा। मन्दिर श्री रामलला गहोई वैश्य ट्रस्ट द्वारा दिनांक 23 अप्रैल 2024 मंगलवार को स्थानीय रामलला मन्दिर गोमतीपुरा हनुमान जंयती का आयोजन किया गया। हनुमान मन्दिर को एक दिन पहले ही सजावट की गई। प्रतिमा का श्रृंगार किया गया। बजरंगवली की झांकी मनमोहक थी। सुबह 10 बजे सुन्दरकाण्ड पाठ का संगीतमय आयोजन किया गया। एवं महाआरती की गई व प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर गहोई वैश्य परिवार के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल डेंगरे, महामंत्री श्री कमलकिशोर नीखरा, कोषाध्यक्ष श्री कमल मोदी, श्री कैलाश सेठ मन्दिर श्री रामलला गहोई ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीराम छिरौल्या, सचिव सुनील तीतबिलासी, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार (बंटी) खांगट, श्री अशोक मिसुरिया, श्री उमाचरण छिरौल्या (भगत जी), श्री मुन्नालाल बिलैया, पंकज सावला सर, राजेन्द्र (राजू) सावला, गणमान्य नागरिक, महिलायें व कई भक्तगण मौजूद रहे।

–सुनील तीतबिलासी
सचिव मन्दिर श्री रामलला गहोई वैश्य ट्रस्ट

मन्दिर श्री रामलला गहोई वैश्य ट्रस्ट द्वारा रामनवमी का आयोजन

डबरा। मन्दिर श्री रामलला गहोई वैश्य ट्रस्ट डबरा द्वारा दिनांक 17 अप्रैल 2024 को श्रीराम प्रकाट्योत्सव रामनवमी पर्व दोपहर 12 बजे स्थानीय रामलला मन्दिर गोमतीपुरा डबरा में बड़े धूमधाम से मनाया गया। प्रकटायोत्सव के एक दिन पहले से ही मन्दिर परिसर पर रंगबिरंगी लाइटिंग व्यवस्था की गई।



संपूर्ण मन्दिर को आकर्षण ढंग से सजाया गया। फूल बंगला एवं 56 भोग लगाये गये। ठीक 12 बजे श्री राम प्रकाटयोत्सव हुआ जैसे ही भगवान राम का अवतरण हुआ ढोल नगाड़ो के साथ झांझ मंजीरे की ध्वनि से आरती की गई एवं **''भए प्रकट कृपाला दीनदयाला''** की स्तुति से संपूर्ण परिसर गुंजायमान होने लगा। उपस्थिति भक्तगणों ने स्तुति को स्वरबद्ध किया स्तुति उपरांत भक्तों में भोग प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर मन्दिर श्री रामलला गहोई वैश्य ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीराम छिरौल्या, सचिव सुनील तीतबिलासी, कोषाध्यक्ष अशोक खागंट, अशोक मिसुरिया, हरीमोहन कुचिया, राजेन्द्र सावला, पंकज सांवला सर, प्रतीक बृजपुरिया, उमाचरण छिरौल्या, गहोई बंधु के सपांदक रिखौल्या जी, श्री गहोई वैश्य परिवार क वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र नौगरैया, सनक गंधी, कैलाश सेठ, महामंत्री कमलकिशोर नौगरैया नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष कपिल बिलैया, दुर्गेश पहारिया पूर्व अध्यक्ष अमित डेंगरे, मंत्री मोहित बिलैया महिला मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती ममता कुचिया मंत्री श्रीमती आरती पिपरसैनियां, कोषाध्यक्ष श्रीमती रेख नीखरा एवं अन्य पदाधिकारीगण लगभग 250 भक्तगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मन्दिर श्री रामलला गहोई वैश्य ट्रस्ट की संपूर्ण कार्यकारिणी के साथ–साथ गहोई वैश्य परिवार, गहोई वैश्य नवयुवक मण्डल शास. कर्मचारी कल्याण समिति, महिला मण्डल का सहयोग सराहनीय रहा। गणमान्य व्यक्तियों में कैलाश सरावगी, महेश खांगट, हरीमोहन नीखरा, नवल कुचिया, हरीबाबू सोनी, अजीत नीखरा, रमेशचन्द्र पहारिया, आनंद मिसुरिया आदि की उपस्थिति सराहनीय रही। इसी दिन मेसर्स रामसेवक सुन्नूलाल सराफ द्वारा मन्दिर परिसर में प्रंचड गर्मी को देखते हुये भक्तगणों की सेवार्थ वाटर कूलर ट्रस्ट प्रबंधन को प्रदान किया गया।अगले दिन दिनांक 18 अप्रैल को गहोई वैश्य महिला मण्डल द्वारा दोपहर 02 बजे बधाई गीतों का भी आयोजन किया गया जिसमें महिला मण्डल के साथ–साथ भारी संख्या में महिलाऐं उपस्थित रही जिन्होंने बधाई गीत गाकर कार्यक्रम में चार चाँद लगाये।

–सुनील तीतबिलासी सचिव मन्दिर श्री रामलला गहोई वैश्य ट्रस्ट डबरा

मनोज चौधरी बने गहोई सेवा समिति माधौगढ़ के अध्यक्ष घोषित

माधौगढ़(जालौन)। नगर पंचायत की गहोई धर्मशाला के परिसर में गहोई सेवा समिति की बैठक का आयोजन राजेन्द्र कुमार कुचिया जी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के दौरान चुनाव अधिकारी लक्ष्मीनारायण मिसुरिया जी की देखरेख में कराया गया। चुनाव की कार्यवाही शुरू होते ही मौजूद सभी लोगों ने सर्वसहमति से मनोज चौधरी को निर्विरोध **अध्यक्ष** चयनित किया तो वहीं विनोद कुमार को **उपाध्यक्ष** अमित कुमार तरसोलिया (सिंटू) को **कोषाध्यक्ष** अजीत कुमार इंदुरख्या को **महामंत्री** अंकुर कस्तवार को **प्रचार मंत्री** बनाया गया तो मनोज चौधरी ने अध्यक्ष पद को ग्रहण करते हुए कहा कि वह समाज को तरक्की की ओर एवं समाज सेवा में हमेशा अग्रसर रहेंगें वहीं कोषाध्यक्ष का पद ग्रहण करते हुए अमित तरसोलिया सिंटू ने कहा समाज को नई दिशा में ले जाने की जरूरत है इस मौके पर नगर पंचायत माधौगढ़ के पूर्व अध्यक्ष श्री राजकिशोर कनकने समाज के, पूर्व अध्यक्ष शिवकुमार रेजा, पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद्र महतेले, रवि तरसोलिया, रामबाबू तरसोलिया, संतराम मिसुरिया, प्रदीप सिपोलिया, राजू महतेले, आनंद गुप्ता बंटी, राजू रेजा, जयशंकर तरसोलिया, धर्मेंद्र डेंगरे, मनोज सिपोलिया , रामकुमार तरसोलिया, आनंद कुरेले एवं नवयुवक मंडल से अंकित कस्तवार , शिवम कनकने, सत्यम बिलैया, रितेश गुप्ता, शोभित सिपोलिया, सूर्यांश रावत, आदि समाज के गणमान्य उपस्थित रहे।



–रिषभ गुप्ता, माधौगढ़

ताकत की जरूरत तभी पड़ती है जब किसी का बुरा करना हो, वरना दुनिया में सब कुछ पाने के लिये प्रेम ही काफी है।

गहोई गौरव का ग्यारवॉ अधिष्ठापन शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



झांसी। गहोई गौरव का ग्यारहवां अधिष्ठापन एवं दायित्व ग्रहण समारोह संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेडा के सानिध्य में एवं अध्यक्ष सतीश सेठ की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि माननीय श्री धीरेंद्र प्रताप (एडिशनल कमिश्नर झाँसी) विशिष्ट अतिथि श्री राजेंद्र निगम (असि. कमिश्नर आयकर झाँसी) एवं शपथ अधिकारी श्री कुंज बिहारी गुप्ता (पूर्व शासकीय अधिवक्ता झाँसी)के आतिथ्य में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम गणेश जी की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया और उनका माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रेरणा वाचन संगीता नगरिया, आयुषी गुप्ता, प्रीति सेठ एवं कुमकुम गुप्ता ने किया। अध्यक्ष श्री सतीश सेठ ने विगत वर्ष में किये गए सभी कार्यों का उल्लेख किया । एवं सभी का सहयोग के लिये धन्यवाद दिया। संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेडा ने संस्था के वर्षभर के कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला एवं कहा कि संस्था विगत 12 वर्ष पहले एकछोटे रूप में प्रारंभ की गई थी वर्तमान में झांसी की एक बड़ी संस्था होगई है जिसके कार्यों से सर्व समाज लाभान्वित है । मुख्य अतिथि द्वारा जुगल किशोर सेठ को अध्यक्ष पद की शपथ दिलवाई,साथ ही कहा कि गहोई गौरव संस्था सदस्य बहुत ही कर्मठ और लगनशील हैं जो झांसी में अपना परचम लहरा रहे हैं। विशिष्ट अतिथि श्री राजेंद्र निगम जी ने महामंत्री एड.राजेश गुप्ता को शपथ ग्रहण करवाई एवं गोपाल मर को कोषाध्यक्ष की शपथ श्री कुंज बिहारी गुप्ता ने दिलाई और कहा कि गहोई गौरव के कार्य अति प्रशंसनीय है। संरक्षक राजीव नगरिया जी ने महिला विंग अध्यक्ष श्रीमती वंदना पहारिया एवम सचिव श्रीमती रेनू नगरिया को शपथ ग्रहण करवाई। शपथ के उपरांत नवनिर्वाचित अध्यक्ष जुगल किशोर सेठ ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और सभी को ये आश्वासन दिया कि उनके कार्यकाल में संस्था एक नई ऊंचाई को छूएगी।

कार्यक्रम संयोजक श्रीमती प्रीति– अमित सेठ सरजी एवं आयुषी– अमर गुप्ता ने सभी प्रतिनिधियों को पुष्प गुच्छ प्रदान किया और उनका सम्मान किया। पूर्व अध्यक्ष राम जी खरया, रविंद्र रूसिया, केडी गुप्ता,कमलेश सेठ रज्जु, कृष्णमुरारी गुप्ता राजू ,अमित सेठ सरजी, एवं निवर्तमान अध्यक्ष सतीश सेठ ने अपने कार्यकाल की अपनी उपलब्धियां भी बताई। संरक्षक रामकुमार लोहिया ने पूर्व अध्यक्षों को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गहोई गौरव, महिला मण्उल एवं वरिष्ठ जन सहित स्वजातिय बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र रूसिया एवं अभिनव सरावगी ने किया। कार्यक्रम का आभार महामंत्री एड.राजेश गुप्ता एवं अमित सेठ सर जीने संयुक्त रूप से व्यक्त किया

-मनमोहन गेड़ा ,संस्थापक गहोई गौरव झांसी



दिनारा की सुभी रावत ने कक्षा 10वी 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

दिनारा । गहोई समाज के प्रतिष्ठित गल्ला व्यापारी सुरेन्द्र कुमार रावत–श्रीमती रूबी रावत की पुत्री सुभी रावत ने कक्षा 10वीं में 94:अंक हासिल कर परिवार,समाज सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है । गहोई समाज ने सुभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। सुभी को आरती अमर,सविता गेड़ा,मनीषा कंथरिया,अर्चना अमर,वंदना पहारिया मीना कसाव,आकांक्षा रावत,नीलम रावत,किरण नीखरा आदि ने बधाई दी है ।

-श्रीमती भावना के.के.रूसिया , पत्रकार दिनारा

छतरपुर महिला मण्डल द्वारा गणगौर पर्व मनाया

छतरपुर। गहोई समाज महिला मण्डल द्वारा गणगौर पर्व का भव्य आयोजन किया गया जिसमें भगवान शिव एवं मां पार्वती की पूजन कर महिलाओं ने प्रसाद और सुहाग सामग्री का वितरण किया। गहोई समाज महिला मण्डल छतरपुर को श्री रामनवमी के आयोजन में रथ के संचालन का प्रथम अवसर प्राप्त हुआ। महिला मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू बिलैया सहित सभी महिलाओं ने इस पुनीत कार्य को पूर्ण किया।

-मंजू बिलैया अध्यक्ष छतरपुर

गहोई बंधु अप्रैल 2024 में प्राप्त धन

गहोई बंधु आजीवन सदस्यता बाबत्

7181	श्री हिमांशुकुमार पहारिया, ग्वालियर	1500/–
7182	श्री मनोज सरावगी, दतिया	1500/–
7183	श्री राजकुमार कुचिया, ग्वालियर	1500/–
7184	श्री राजीव तपा, मंडला	1500/–
7185	श्री अशोक महतेले, नोएडा	1500/–
7186	श्री वैभव सेठ, चिरगांव	1500/–
7187	श्री रविकांत कनकने, चिरगांव	1500/–

गहोई बंधु वार्षिक सदस्यता बाबत्

304	श्री बसंत कुमार कटारे, छिंदवाडा	300/–
305	श्री सतीश नौगरैया, गंजबासौदा	300/–
306	श्री प्रदीप कुमार नगरिया, झांसी	300/–
307	श्री के.एम.गुप्ता,जबलपुर	300/–
308	श्री महेश नीखरा, ग्वालियर	300/–
309	श्री भवानी गुप्ता, चिरगांव	300/–
310	श्री शिवकुमार नीखरा, ग्वालियर	300/–
311	श्री डी.के.गुप्ता, सूरज	300/–
312	श्री अमोलकुमार गहोई फतेहगढ़	300/–

श्री राजेश बिलैया (राजू कक्का) का निधन

ग्वालियर। श्री राजेश बिलैया (पुत्र स्व. श्री तुलसीदास गुप्ता) का निधन दिनांक 11 अप्रैल 2024 गुरूवार को हो गया। आप



अपने पीछे बड़े भाई : सुरेश, राकेश, द्वारकाप्रसाद, सतीश, रामजी, श्याम, बालमुकुन्द, छोटे भाई, मुकेश, संजय, पुत्र : ऋषि गुप्ता सहित परिवार को रोता छोड़ गये है। आप हंसमुख एवं धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। आपकी अन्तेष्ठि एवं उठावनी के दिन महासभा पदाधिकारियों, स्थानीय पदाधिकारियों, सामाजिक बंधुओं एवं व्यापारीवर्ग ने उपस्थित होकर दिवगंत आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

–डॉ. गोपाल बिलैया, संयुक्त संपादक बंधु

श्रीमती दुर्गादेवी बिलैया का निधन

ग्वालियर। श्रीमती दुर्गादेवी बिलैया (पत्नी स्व. श्री ओमप्रकाश बिलैया) का निधन दिनांक 28 अप्रैल 2024 को हो गया। आप अपने पीछे पुत्रगण : संजीव बिलैया, सतीश बिलैया, भतीजे : मनोज, दिलीप, कमलेश, शैलू बिलैया एवं नाती पंती सहित भरापूरा परिवार को रोता छोड़ गई है। आप हंसमुख एवं मिलनसार प्रवृत्ति की महिला थी।



आपकी अन्तेष्ठि एवं उठावनी के दिन सामाजिक बंधुओं, रिश्तेदारों एवं व्यापारीवर्ग ने उपस्थित होकर दिवगंत आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

–राधेश्याम सेठ मंत्री महासभा

शिवभक्त राजेन्द्र कुमार नीखरा का निधन

ग्वालियर। श्री गनपतराम नीखरा फालका बाजार ग्वालियर के ज्येष्ठ पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार नीखरा का देवलोकागमन



दिनांक 20 अप्रैल 2024 शनिवार को 60 वर्ष की आयु में हो गया। विधि के विधान को कोई नहीं टाल सकता। आपके पिताजी गनपतराम नीखरा राष्ट्रीय वरिष्ठ संघ के पूर्व अध्यक्ष ग्राम पूराकलॉ जिला ललितपुर सन 1950 में आये थे। उन्होंने परिस्थितियों का सामना करते हुये सत्य का रास्ता नहीं छोड़ा इनके दो पुत्र राजेन्द्र कुमार अरूण कुमार ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से व्यापार को कर्मभूमि बनाया तथा काफी बुलन्दियों तक पहुंचाया।

राजेन्द्रकुमार शुरू से ही धार्मिक प्रवृत्ति के थे तथा अचलेश्वर महादेव के परम भक्त थे उनके दर्शन के बिना वह अन्न भी ग्रहण नहीं करते थे। आप शिवरात्रि पर करीब 18 वर्ष से प्रसाद के रूप में आईसफूटी प्रतिवर्ष बांटते आ रहे उनको कभी नाम से मतलब नहीं था। वह प्रसादी वाले स्टॉल पर न खड़े होते थे न ही बेनर लगवाते थे। अचलेश्वर महादेव के गणेश जी विसर्जन पर विष्णु मन्दिर पर स्पेशल प्रसाद जिसमें समोसा, बूंदी, बेडई सब्जी, चटनी पूड़ी प्लेट में रखकर बड़े भाव से सैकड़ों लोगों को वितरण करते थे।

आप श्री हरनारायण रिखौल्या गहोई बंधु संपादक के दूसरे नम्बर के दामाद थे। आपकी तीन पुत्री है। गनपतराम नीखरा जो अ.भा.ग.वैश्य महासभा में राष्ट्रीय वरिष्ठ संघ के अध्यक्ष रह चुके जो सिलाई मशीनमेन के रूप में जाने जाते है जो गरीब महिलाओं के अपने सुपुत्रों के सहयोग से सैकड़ो की संख्या में सिलाई मशीन बांट चुके। आपकी पत्नी प्रभारानी, पुत्र सूरज जो लंदन में अध्यनरत है। भाई बबीता–अरूण, भतीजा–आयुष, भतीजी–पलक, पुत्री दामाद पूजा–वरूण, सोनम–स्वप्निल ग्वालियर, बहन–बहनों : रूकमणी–महेश सोनी, लक्ष्मी ग्वालियर, राधा–अमित नौगरैया गुना, महादेव नीखरा उपकोषाध्यक्ष महासभा और परिवार के अन्य लोगों को रोता बिलखता छोड़ गये। आज भी विश्वास नहीं हो रहा है कि वह हमारे बीच से कैसे अलविदा हो गये।

परिवार मे आयें वज्राघात में अत्येष्ठि एवं चेम्बर ऑफ कामर्स ग्वालियर में उठावनी में सामाजिक पंचायते, क्षेत्रीय सभा, अध्यक्ष सहित महासभा के पदाधिकारी, नगरवासियों, व्यापारीवर्ग, राजनेता, रिश्तेदारों, जज, डॉक्टर, इंजीनियर ने 22 अप्रैल 2024 को श्रंद्धाजलि अर्पित करने का तांता टूट नही रहा था। इस दिव्य आत्मा को प्रभू अपने चरणों में स्थान दें। दो मिनट का मौन धारण कर दिवगंत आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। तथा परिवार पर आये असहनीय दुखः को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

–महादेव नीखरा उपकोषाध्यक्ष महासभा

श्रीमती उषा लहारिया का निधन

ग्वालियर। वरिष्ठ समाजसेवी श्री सुरेशचन्द लहारिया की धर्मपत्नी श्रीमती ऊषा लहारिया का निधन दिनांक 08 मार्च 2024 को हो गया। आपकी उठावनी दिनांक 09 मार्च 2024 को सनातन धर्म मन्दिर अचलेश्वर मन्दिर पर रखी गई। आप अपने पीछे चचिया ससुर : के.एन.लहारिया, देवर – दिनेशचन्द्र, ओमप्रकाश, पुरूषोत्तम, भगवानदास, राधेश्याम, राजेन्द्र, दिलीप अभय, राजू, विजय, पुत्र–पुत्रवधू : योगेश–रचना, गगन–प्रीति, पुत्री दामाद एवं नाती पोतों सहित भरापूरा परिवार को रोता छोड़ गई है। आपकी अन्तेष्ठि एवं उठावनी के दिन महासभा पदाधिकारीगण, स्थानीय पदाधिकारीगण, सामाजिक बंधुओं, एवं व्यापारीवर्ग ने उपस्थित होकर दिवगंत आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।



–राधेश्याम सेठ मंत्री महासभा

श्री केदारनाथ कुचिया का निधन

ग्वालियर। श्री केदारनाथ कुचिया पूर्व उपमंत्री ग्रेटर समाज ग्वालियर (पुत्र स्व. श्री रामनाथ कुचिया) का निधन दिनांक 29 मार्च 2024 को हो गया। आप अपने पीछे भाई : द्वारकाप्रसाद, अवधकिशोर, सियाशरण, मथुराप्रसाद कुचिया, पुत्र : जितेन्द्र, नवीन, पुत्री दामाद एवं नाती पोतों सहित भरापूरा परिवार को रोता छोड़ गये है।



आपकी अन्तेष्ठि एवं उठावनी के दिन महासभा पदाधिकारीगण, स्थानीय पदाधिकारीगण, सामाजिक बंधुओं, एवं व्यापारीवर्ग ने उपस्थित होकर दिवगंत आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

–राधेश्याम सेठ मंत्री महासभा

श्री रमेशचन्द कुदरया का निधन

पिछोर (शिवपुरी)। ग्राम नांद तहसील पिछोर जिला–शिवपुरी निवासी श्री कैलाशनारायण कुदरिया के अनुज भ्राता एवं श्री संतोष कुदरिया के परम पूज्यनीय श्री रमेशचन्द्र कुदरया का 20 अप्रैल 2024 को आकस्मि निधन हो गया है। आप अपने पीछे समस्त परिवार को रोता छोड़ गये है। आपके निधन पर सामाजिक बंधुओं, रिश्तेदारों एवं नगरवासियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुये भावपूर्ण अश्रूपूरित विनम्र श्रंद्धाजलि दी गई।



श्री महेशचन्द कसाव का निधन

पिछोर (शिवपुरी)। निवासी श्री रमेशचन्द्र, अनिल कुमार कसाव (बालाजी टेंट हाउस) वालों के बड़े भाई एवं श्री नरेन्द्र कसाव (पिंकी) के परम पूज्यनीय पिताजी श्री महेशचन्द्र कसाव का निधन दिनांक 04 अप्रैल 2024 को पंचतत्व में विलीन हो गया। आप अपने पीछे समस्त परिवार को रोता छोड़ गये है। आपके निधन पर सामाजिक बंधुओं, रिश्तेदारों एवं नगरवासियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुये भावपूर्ण अश्रूपूरित विनम्र श्रंद्धाजलि दी गई।



–अनिल निगोती पिछोर

श्री रामस्वरूप कसाव का निधन

भौंती। भोंती। श्री रामस्वरूप कसाव (लल्ला जी) का दिनांक 4 अप्रैल 2024 को निधन हो गया। 5 अप्रैल को उठावनी में पुष्प सुमन अर्पित कर आपकी आत्मा शांति हेतु दो मिनिट का मौन धारण किया गया । आप अपने पीछे पुत्र–जयप्रकाश कसाव भतीजे – सरपंच सुदामा प्रसाद, रामप्रकाश दिनेश कुमार, मुकेश कुमार एवं नाती पोतों सहित भरापूरा परिवार को रोता छोड़ गये है। आप मिलनसार एवं हंसमुख प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। आपकी अन्तेष्ठि एवं उठावनी के दिन सामाजिक बंधुओं, रिश्तेदारों एवं व्यापारीवर्ग ने उपस्थित होकर दिवगंत आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।



श्री कैलाशनारायण कनकने का निधन

करैरा। कोमलप्रसाद, राजू,संतोष के बड़े भाई एवं अमित, सुमित कनकने के पिताजी श्री कैलाशनारायण कनकने (बढ़ोरा वालों) का निधन दिनांक 10 अप्रैल 2024 बुधवार को हो गया । आप अपने पीछे भरापूरा परिवार को रोता छोड़ गये है। आपकी अन्तेष्ठि एवं उठावनी के दिन सामाजिक बंधुओं, रिश्तेदारों एवं व्यापारीवर्ग ने उपस्थित होकर दिवगंत आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।



श्रीमती कृष्णादेवी गेड़ा का निधन

खोड। श्री मनीराम गेड़ा की धर्मपत्नी एवं सुरेन्द्र, महेन्द्र, बंटी गेडा की माताजी श्रीमति कृष्णादेवी गेड़ा का निधन दिनांक 13 अप्रैल 2024 को पंचतत्व में विलीन हो गईं। आप अपने पीछे भरापूरा परिवार को रोता छोड़ गई है। आपकी आत्मा की शांति हेतु उठावनी में श्रद्धासुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई



महेश कनकने एड करैरा

श्री जुगलकिशोर लहारिया का निधन

ग्वालियर (लोहिया बाजार)। श्री जुगलकिशोर लहारिया (पुत्र स्व. श्री मंसाराम लहारिया) का निधन दिनांक 19 अप्रैल 2024 को हो गया। आप अपने पीछे पुत्र अभिषेक, चाचा – दीपचन्द लहारिया, भाई दयाकिशन, कैलाशचन्द, विनोद कुमार, राजेन्द्र, वीरेन्द्र, राकेश, डॉ. प्रशांत, अमित, सौरभ, भांजा : निशांत भतीजे : शंशाक, आदित्य, उदयन, देवांग, आशुतोष, गालव, भावेश, आर्यमन, अक्षम, समर्थ एवं समस्त परिवार को रोता छोड़ गये है। आपकी अन्तेष्ठि के दिन महासभा पदाधिकारियों, स्थानीय पदाधिकारियों, सामाजिक बंधुओं एवं व्यापारीवर्ग ने उपस्थित होकर दिवगंत आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।



राकेश लहारिया, पूर्व कोषाध्यक्ष महासभा


MAURANIPUR LOGISTICS PVT. LTD.
FOUNDED AND BLESSED BY :
LATE SHRI MAHESHCHANDRAJI NAGARIYA
(Mauranipur Union Transport Co.)
MUMBAI to VIDARBHA
(Maharashtra) M.P. Chattisgarh, Uttar Pradesh
Daily Services
DELHI & NORTH INDIA TO
Madhya Pradesh, Uttar Pradesh, Chattisgarh
TRIPUR & SOUTH INDIA TO
Vidarbha (Maharashtra) Madhya Pradesh, Uttar Pradesh, Chattisgarh
AHMEDABAD & NORTH GUJRAT TO
Vidarbha (Maharashtra) Madhya Pradesh, Chattisgarh
Daily Services
NAGPUR to MADHYA PRADESH
M.P. Chattisgarh Uttar Pradesh
MAURANIPUR LOGISTICS PVT. LTD
ANOOP MAHESHCHNDRAJI NAGARIYA
M.D. (Managing Director)
ASSOCIATED WITH :
Mauranipur Petroleum Nagpur
Mauranipur Union Transport Co., Mumbai - ASHOK M. NAGARIYA
Mauranipur Union Transport Co., Indore - ANIL M. NAGARIYA
MUTC - LOGISTICS PVT. LTD., Delhi - ARUN M. NAGARIA
www.mauranipurlogistics.in | info@mauranipurlogistics.in
+91-9130355555
+91-7679555555
Plot No.56, New Bus Stand Road Small Factory Area, Behind Mehta Petrolpump, Wardhaman Nagar, Bhandara Road, Nagpur.

R.N.I. No. 68211/98 प्रकाशन दिनांक : 7 मई 2024 Postal Regn. No. 40017371/2023-2025 Gwl. M.P.



विशेष अवसर की पूर्व सुविधा के साथ, हम पेश करते हैं हमारे बालीनीज़ थीम पर आधारित होटल, जो आपके सपनों के शादी को एक यादगार अनुभव में बदल देगा। हमारे होटल में शहर के सबसे बड़े स्थल के साथ विवाह के आयोजन की सुविधा है, जो आपके महत्वपूर्ण दिन को और भी ख़ास बना देगा।

हमारे उत्कृष्ट और स्वच्छ भोजन के साथ, हम आपके शादी के मेनू को विशेष बनाते हैं, ताकि आपके अत्यधिक समृद्ध और विशिष्ट दर्शकों को भी प्रसन्न किया जा सके। हमारे शुद्धता और स्वच्छता के स्तंभ के रूप में, हम आपके अत्यधिक महत्वपूर्ण दिन की प्राथमिकता को समझते हैं और आपके मेहमानों को सबसे उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हमारे होटल की बालीनीज़ थीम की सुंदरता और शांति आपके आयोजन को आदर्श बनाती है। हमारा स्थान विशेष तौर पर आपकी शादी के सपनों को साकार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और यहाँ पर आपके मेहमानों को शांतिपूर्ण और यादगार अनुभव का आनंद लेने का अवसर मिलता है।

हमारे होटल की सुविधा से बचत के साथ, हम आसानी से पहुँचने का अवसर प्रदान करते हैं और शहर के सबसे अधिक कमरों की व्यवस्था के साथ हम आपके शादी के मेहमानों के लिए आरामदायक आवास प्रदान करते हैं। हम विशेष विवाह पैकेजों के साथ आते हैं, जिनमें आपके लिए विशेष प्रस्ताव और आकर्षक ऑफ़र होते हैं।

अपने विशेष दिन को और भी ख़ास बनाने के लिए, हम आपका स्वागत करते हैं हमारे बालीनीज़ थीम होटल में, जो आपके शादी को एक यादगार और अद्वितीय अनुभव में बदल देगा।

COMPANY DIRECTORS- MR. SACHIN GUPTA & MR. MADHUR GUPTA

KANPUR -JHANSI NATIONAL HIGHWAY, NEAR RATH ROAD BYPASS, ORAI, UTTAR PRADESH +91 8810793600, 8810793605

September 2023-August 2024

प्रेषक :

कृष्णकिशोर कठिल
अध्यक्ष–अ.भा.ग.वै.महासभा
''गहोई बन्धु भवन''
डॉ. मैथिलीशरण गुप्त चौक के पास
राजा बाक्षर मंदिर के पास
राजा बाक्षर की गोठ, दौलतगंज
लश्कर, ग्वालियर–474001
फोन : 0751 – 2454142

प्रति,

_____

_____

_____

स्वामी अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा की ओर से प्रकाशक एवं मुद्रक **कृष्णकिशोर कठिल**, राष्ट्रीय अध्यक्ष–अ.भा. गहोई वैश्य महासभा, डॉ. मैथिलीशरण गुप्त चौक के पास, राजा बाक्षर की गोठ, दौलतगंज, ग्वालियर (म.प्र.) 0751–2454142 द्वारा प्रकाशित एवं **एम.पी. प्रिन्टर्स** (ए यूनिट ऑफ डी.बी. कॉर्प लि.) बी–220, फेज–2, नोएडा 201305 से मुद्रित एवं सम्पादक : **हरनारायण रिखौल्या**, ऊषा कॉलोनी, डबरा फोन : 07524–224944 मो. 9669642849

कार्यालय : 'गहोई बन्धु भवन', राजा बाक्षर मंदिर के पास, राजा बाक्षर की गोठ, दौलतगंज, ग्वालियर फोन: 0751-2454142

E-mail: gahoibandhu@gmail.com

मूल्य : ₹ 12/-